राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों और संग्रह का निर्धारण) संशोधन नियम, 2024 के नाम से अधिसूचित नए नियमों के तहत राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर 20 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करने पर ही वाहन मालिक से कुल दूरी पर शुल्क लिया जाएगा।

जनहितैषी

हिन्दी दैनिक

जनहितैषी अब janhitaishinews.com पर भी

R.N.I. No. 64278/96 वर्ष:29 अंक: 128 दिनांक:11-09-2024 बुधवार मूल्य : 1 रूपया 50 पैसा पृष्ठ:4 वडोदरा M

कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अमेरिका में सिख समुदाय पर की गई टिप्पणी को खतरनाक बताते हुए आलोचना की। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि राहुल ने विदेश में झूठ फैलाकर एक खतरनाक विमर्श गढ़ने की कोशिश की है।

अब 20 किमी. तक नहीं देना होगा शुल्क, इस नेविगेशन प्रणाली से लैस निजी वाहनों को राहत

नई दिल्ली (ईएमएस)।राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों और संग्रह का निर्धारण) संशोधन नियम, 2024 के नाम से अधिसूचित नए नियमों के तहत राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर 20 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करने पर ही वाहन मालिक से कुल दूरी पर शुल्क लिया जाएगा। सरकार ने टोल नियमों में बड़ा बदलाव किया है। इस राहत भरे बदलाव के जरिए अब जीएनएसएस से लैस निजी वाहनों को 20 किलोमीटर तक टोल टैक्स नहीं देना होगा। दरअसल, नए नियमों में कहा गया है कि वैश्विक नेविगेशन उपग्रह प्रणाली (जीएनएसएस) से लैस निजी वाहनों के मालिकों से राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर रोजाना 20 किलोमीटर तक के सफर के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

इस संबंध में सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने मंगलवार को अधिसूचना जारी की है। इसमें राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों और संग्रह का निर्धारण) नियम, 2008 में संशोधन किया गया है। अब इसे राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क (दरों और संग्रह का निर्धारण) संशोधन नियम, 2024 के नाम से जाना जाएगा। नए नियमों के मुताबिक, राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेस-वे पर 20 किलोमीटर तक की दूरी तय करने पर कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। इससे अधिक की दूरी तय करने पर वाहन मालिक से कुल दूरी पर शुल्क लिया जाएगा।

अधिसूचना के मुताबिक, राष्ट्रीय परमिट रखने वाले वाहनों को छोड़कर अगर किसी अन्य वाहन का चालक या मालिक राष्ट्रीय राजमार्ग, स्थायी पुल, बाईपास या सुरंग के रूट का उपयोग करता है तो उससे जीएनएसएस-आधारित उपयोगकर्ता शुल्क संग्रह प्रणाली के तहत एक दिन में प्रत्येक दिशा में 20 किलोमीटर की यात्रा तक कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

पायलट आधार पर लागू करने का फैसला किया था

इससे पहले मंत्रालय ने जुलाई में कहा था कि उसने फास्टैग के साथ एक अतिरिक्त सुविधा के रूप में चुनिंदा राष्ट्रीय राजमार्गों पर उपग्रह-आधारित टोल संग्रह प्रणाली को पायलट आधार पर लागू करने का फैसला किया है। जीएनएसएस-आधारित उपयोगकर्ता शुल्क संग्रह प्रणाली का एक पायलट अध्ययन कर्नाटक में एनएच-275 के बेंगलुरु-मैसूर खंड और हरियाणा में एनएच-709 के पानीपत-हिसार खंड पर किया गया है।

क्या है ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम?

उपग्रह-आधारित टोल कलेक्शन सिस्टम के तहत हाईवे पर तय की गई दूरी के आधार पर टोल लिया जाता है। मौजूदा तरीके के तहत भले ही यूजर टोल रोड के एक हिस्से की यात्रा करता है, उसे एक निश्चित राशि का भुगतान करना पड़ता है। सैटेलाइट-आधारित सिस्टम वाहन की गतिविधि को ट्रैक करती है और वाहनों में लगे ऑन बोर्ड यूनिट की मदद से शुल्क की गणना करती है।

जीएनएसएस और जीपीएस में अंतर?

जीएनएसएस सैटेलाइट प्रणाली वह समूह है तो जो स्थिति और समय संबंधी संपूर्ण डेटा प्रदान करता है। वहीं, वैश्विक स्थान-निर्धारण प्रणाली (जीपीएस) जीएनएसएस के तहत आने वाले एक एक विशिष्ट प्रणाली है जो स्थान निर्धारित करने के लिए उपग्रहों का उपयोग करता है। गडकरी ने कहा था कि बहुत जल्द देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने के लिए किसी और सब्सिडी की जरूरत नहीं होगी। आसान भाषा में समझें तो जीएनएसएस उपग्रहों का एक समूह है जो पृथ्वी पर मौजूद रिसीवर्स को डेटा प्रेषित करता है, वहीं जीपीएस उपग्रहों और रिसीवर्स का एक नेटवर्क हो किसी स्थान विशेष की जानकारी देता है।

विनेश और योगेश के बीच होगा मुकाबला

-भाजपा ने योगेश बैरागी जुलाना सीट से दिया टिकट

-जुलाना में 15 साल से नहीं जीत पाई है कांग्रेस

जींद (ईएमएस)। हरियाणा की जुलाना विधानसभा सीट से कैप्टन योगेश बैरागी (35) को टिकट मिल गया है। कैप्टन बैरागी एअर इंडिया से स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति (वीआरएस) ले चुके हैं और अब राजनीति में अपना कदम रख रहे हैं। जुलाना सीट पर उनका मुकाबला जाने-माने रेसलर और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विनेश फोगाट से होगा, जो इसी सीट से चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी कर रही हैं।

कैप्टन बैरागी की पृष्ठभूमि एयर इंडिया में रही है, जहां उन्होंने अपनी सेवाएं दीं और अब वह राजनीति के अखाड़े में कदम रख चुके हैं। जुलाना विधानसभा सीट पर मुकाबला दिलचस्प होने की उम्मीद है, क्योंकि यहां एक ओर खेल जगत की बड़ी हस्ती विनेश फोगाट हैं, तो दूसरी ओर पूर्व वायुसेना अधिकारी बैरागी।

जुलाना सीट पर चुनावी लड़ाई बेहद रोचक हो गई है। विनेश फोगाट, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कुश्ती में भारत का नाम रोशन कर चुकी हैं, अब राजनीति में अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रही हैं। वहीं, बैरागी का अनुभव और उनकी सादगी जनता के बीच खास पहचान बना रही है।

- जुलाना में 15 साल से नहीं जीत पाई है कांग्रेस

2009 और 2014 में इनेलो के परमिंदर सिंह ने इस सीट पर जीत दर्ज की और 2019 में जेजेपी के अमरजीत ढांडा ने जुलाना विधानसभा पर कब्जा किया। इस सीट पर जीत पाना विनेश के लिए भी चुनौतीपूर्ण होगा. स्पोर्ट्स स्टार और जाट चेहरे विनेश के कांग्रेस में आने से यह सीट हॉट सीट बन गई है। जुलाना सीट से कांग्रेस उम्मीदवार महिला पहलवान विनेश फोगाट के सामने भाजपा ने कैप्टन योगेश बैरागी को उतारा है। कैप्टन योगेश बैरागी ने डेढ़ साल पहले राजनीति में कदम रखा था। इससे पहले वे एयर इंडिया में सीनियर कैप्टन के पद पर कार्यरत थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना आदर्श मानने वाले कैप्टन योगेश ने भाजपा में शामिल होकर अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत की।

विदेश में संवेदनशील मुद्दों पर बोलकर खतरनाक विमर्श गढ़ रहे राहुल;भाजपा

वॉशिंगटन(ईएमएस) भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अमेरिका में सिख समुदाय पर की गई टिप्पणी को खतरनाक बताते हुए आलोचना की। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि राहुल ने विदेश में झूठ फैलाकर एक खतरनाक विमर्श गढ़ने की कोशिश की है। कांग्रेस ने भाजपा के आरोपों को नकारते हुए कहा कि भाजपा राहुल की सच्चाई से घबराई हुई है और उनकी टिप्पणियों को विवादित बना रही है।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अमेरिका में सिख समुदाय के बारे में राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर उन पर निशाना साधा। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने यहां भाजपा मुख्यालय में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राहुल की टिप्पणी भयावह है, क्योंकि उन्होंने अपनी रोटियां सेकने के लिए विदेशों में रह रहे सिख समुदाय के सदस्यों के बीच झूठ फैलाने की कोशिश की। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष विदेश में 'संवेदनशील मुद्दों' पर बोलकर 'खतरनाक विमर्श' गढ़ने का प्रयास कर रहे हैं।

कांग्रेस ने अमेरिका में राहुल गांधी की टिप्पणियों को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के हमले पर पलटवार करते हुए मंगलवार को कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के सच बोलने से भाजपा का पूरा तंत्र घबराया और लड़खड़ाया हुआ है। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कहा कि जब हम सवाल देश में पूछते हैं, तो तब भी पूरा विश्व सुनता है, जब प्रधानमंत्री अटपटी बातें करते हैं, जब मन की बात करते हैं, जब कपड़ो से पहचानने की बात करते हैं, जब हिंदू-मुसलमान कर रहे होते हैं, तब भी पूरा विश्व सुनता है। क्या भाजपा को इतनी समझ नहीं है। खेड़ा ने कहा कि भाजपा हिजाब का विरोध करती है और आज हिजाब की बात है तो कल यह बात सिखों की पगड़ी तक पहुंच सकती है।

सिख समुदाय से ताल्लुक रखने वाले भाजपा नेता पुरी ने कहा कि सिखों के पगड़ी और कड़ा पहनने के बारे में राहुल की टिप्पणी की मैं कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। कांग्रेस के शासनकाल में हुए 1984 के सिख विरोधी दंगों का जिक्र करते हुए पुरी ने कहा कि हमारे इतिहास में अगर कोई समय रहा है, जब एक समुदाय के रूप में हमने चिंता, असुरक्षा की भावना और अस्तित्व के खतरे को महसूस किया है तो यह ऐसा समय था जब राहुल गांधी का परिवार सत्ता में था।

राहुल गांधी के बयान से साफ..........आरक्षण-विरोधी हैं कांग्रेसः मायावती का आरोप

लखनऊ (ईएमएस)। बहुजन समाज पार्टी (बीएसपी) की अध्यक्ष मायावती ने आरक्षण खत्म करने को लेकर टिप्पणी करने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला कर कहा कि राहुल गांधी के इस बयान से स्पष्ट है कि उनकी पार्टी वर्षों से अनुसूचित जातियों (एससी), अनुसूचित जनजातियों (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का आरक्षण खत्म करने की साजिश में गुपचुप तरीके से लगी है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय में छात्रों से संवाद कार्यक्रम में भारत में आरक्षण कब तक जारी रहेगा, इस पर राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी आरक्षण खत्म करने के बारे में तब सोचेगी, जब भारत में आरक्षण के लिहाज से निष्पक्षता होगी लेकिन अभी ऐसा नहीं है।

मायावती ने कहा, ''केन्द्र में लंबे समय तक सत्ता में रहते हुए कांग्रेस पार्टी नीत सरकार ने ओबीसी आरक्षण को लागू नहीं किया और ना ही देश में जातीय जनगणना होने दी। अब कांग्रेस (जातिवार जनगणना) आड़ में सत्ता में आने के सपने देख रही है। इनके इस नाटक से सचेत रहें जो भविष्य में कभी जातीय जनगणना नहीं करा पाएगी।

मायावती ने कहा, ''अब कांग्रेस के सर्वेसर्वा राहुल गांधी के इस नाटक से भी सतर्क रहें, जिसमें उन्होंने विदेश में कहा है कि भारत जब बेहतर स्थिति में होगा तब हम एससी, एसटी, ओबीसी का आरक्षण खत्म कर दिया जाएगा। इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस वर्षों से इनके आरक्षण को खत्म करने के षडयंत्र में लगी है। उन्होंने कहा, इन वर्गों के लोग कांग्रेस नेता राहुल गांधी के दिए गए घातक बयान से सावधान रहें, क्योंकि यह पार्टी केंद्र की सत्ता में आते ही, अपने इस बयान की आड़ में इनका आरक्षण जरूर खत्म कर देगी। ये लोग संविधान व आरक्षण बचाने का नाटक करने वाली इस पार्टी से जरूर सजग रहें।

मायावती ने कहा, सचाई सिर्फ इतना हैं कि कांग्रेस शुरू से ही आरक्षण-विरोधी सोच की रही है। केंद्र में कांग्रेस सरकार में जब आरक्षण का कोटा पूरा नहीं किया गया तब कांग्रेस पार्टी से इस वर्ग (एससी, एसटी, ओबीसी) के लोगों को इंसाफ नहीं मिल पाने की वजह से ही बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर ने कानून मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। लोग सावधान रहें। उन्होंने कहा, ''कुल मिलाकर, जब तक देश में जातिवाद जड़ से खत्म नहीं हो जाता है तब तक भारत की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर होने के बावजूद इन वर्गों के लोगों की सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक हालत बेहतर होने वाली नहीं है। इसलिए जातिवाद के समूल नष्ट होने तक आरक्षण की सही संवैधानिक व्यवस्था जारी रहना जरूरी।

राष्ट्रपति ने लिया बीजेपी के पत्र पर संज्ञान, क्या दिल्ली में लगेगा राष्ट्रपति शासन?

नई दिल्ली,(ईएमएस)। राष्ट्रपति द्रोपदी मूर्मू ने दिल्ली की आम आदमी सरकार को बर्खास्त करने की मांग करने संबंधी दिल्ली बीजेपी की अपील को गृह मंत्रालय के पास भेज दिया है। इस संबंध में दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि संविधान के कथित उल्लंघन के लिए आम आदमी पार्टी (आप) सरकार को बर्खास्त किए जाने की मांग बीजेपी के विधायकों द्वारा राष्ट्रपति को सौंपा गया ज्ञापन गृह मंत्रालय को भेज दिया गया है। विजेंद्र ने दावा किया है कि दिल्ली सरकार द्वारा छठे दिल्ली वित्त आयोग का गठन नहीं करना और कैग रिपोर्ट पर कार्रवाई न करना संविधान का उल्लंघन है।

बता दें कि बीजेपी विधायकों के एक प्रतिनिधिमंडल ने 30 अगस्त को राष्ट्रपति से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा था जिसमें दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के जेल में होने के कारण दिल्ली में उत्पन्न संवैधानिक संकट के बीच तत्काल हस्तक्षेप करने का आग्रह किया था। विजेंद्र ने राष्ट्रपति सचिवालय से प्राप्त पत्र को साझा करते हुए कहा कि राष्ट्रपति ने ज्ञापन पर संज्ञान लेते हुए उसे गृह सचिव को भेज दिया है। उन्होंने कहा कि गृह सचिव से इस मामले पर तत्काल और उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

कांग्रेस पार्टी सत्ता में आते ही आरक्षण खत्म कर देगी, राहुल के बयान के बाद मायावती की चेतावनी

लखनऊ (ईएमएस)। अमेरिकी दौरे पर गए राहुल गांधी ने कहा है कि जब कभी भारत निष्पक्ष होगा, तब कांग्रेस पार्टी आरक्षण खत्म करने के बारे में सोचेगी। इस पर बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि ओबीसी, एससी और एसटी वर्ग के लोग राहुल गांधी के इस नाटक से सतर्क रहें। कांग्रेस पार्टी सत्ता में आते ही आरक्षण खत्म कर देगी। संविधान और आरक्षण बचाने का नाटक करने वाली इस पार्टी से लोग जरूर सजग रहें। मायावती ने राहुल गांधी के बयान को लेकर अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कई पोस्ट किए। उन्होंने लिखा है- केंद्र में काफी लम्बे समय तक सत्ता में रहते हुए कांग्रेस पार्टी की सरकार ने ओबीसी आरक्षण को लागू नहीं किया। देश में जातीय जनगणना कराने की आड़ में यह पार्टी सत्ता में आने के सपने देख रही है। इनके इस नाटक से सचेत रहें जो आगे कभी भी जातीय जनगणना नहीं करा पाएगी। अब कांग्रेस पार्टी के सर्वेसर्वा राहुल गांधी के इस नाटक से भी सर्तक रहें जिसमें उन्होंने विदेश में यह कहा है कि भारत जब बेहत्तर स्थिति में होगा तो हम आरक्षण खत्म कर देंगे। इससे स्पष्ट है कि कांग्रेस वर्षों से इनके आरक्षण को खत्म करने के षडयंत्र में लगी है।

मायावती आगे लिखती हैं- इन वर्गों के लोग कांग्रेसी नेता राहुल गांधी के दिए गए इस घातक बयान से सावधान रहें, क्योंकि यह पार्टी केन्द्र की सत्ता में आते ही, अपने इस बयान की आड़ में इनका आरक्षण जरूर खत्म कर देगी। लोग संविधान और आरक्षण बचाने का नाटक करने वाली इस पार्टी से जरूर सजग रहें। जबकि सच्चाई में कांग्रेस शुरू से ही आरक्षण-विरोधी सोच की रही है। केंद्र में रही इनकी सरकार में जब इनका आरक्षण का कोटा पूरा नहीं किया गया तब इस पार्टी से इनको इंसाफ ना मिलने की वजह से ही बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने कानून मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। लोग सावधान रहें।

बसपा सुप्रीमो ने कहा कि जब तक देश में जातिवाद जड़ से खत्म नहीं हो जाता है तब तक भारत की स्थिति अपेक्षाकृत बेहतर होने के बावजूद भी इन वर्गों की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक हालत बेहतर होने वाली नहीं है। अतः जातिवाद के समूल नष्ट होने तक आरक्षण की सही संवैधानिक व्यवस्था जारी रहना जरूरी है।

ओटीटी प्लेटफॉर्म रेगुलेट किए जाने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल

नई दिल्ली (ईएमएस)। देश में ओटीटी प्लेटफॉर्म को रेगुलेट किए जाने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई याचिका में ओटीटी और स्ट्रीमिंग प्लेटफ़ॉर्म की निगरानी और प्रबंधन के लिए एक रेगुलेटरी बोर्ड बनाने की मांग की गई है। सुप्रीम कोर्ट के वकील शशांक शेखर झा ने याचिका दाखिल की है।

याचिका में कहा गया है कि सिनेमाघरों में दिखाई जाने वाली फ़िल्मों के विपरीत, ओटीटी कंटेंट रिलीज़ से पहले सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया से नहीं गुज़रते हैं। ?जिसके कारण ओटीटी पर अक्सर उचित चेतावनी के बिना ही अश्लील दृश्य, हिंसा, नशीले पदार्थों के सेवन और अन्य हानिकारक सामग्री में वृद्धि हुई है।

याचिका में कहा गया है कि सरकार ने आईटी कानून 2021 को सरकार ने बनाया लेकिन इस नियम का कोई असर ओटीटी कंटेंट पर नहीं पड़ा है। ये प्लेटफ़ॉर्म नियमों की खामियों का फ़ायदा उठाते रहते हैं। बिना किसी जांच के विवादास्पद सामग्री डालते रहते हैं। ?जिसका राष्ट्रीय सुरक्षा पर असर पड़ता है और जुआ और ड्रग्स जैसी चीज़ों को बढ़ावा मिलता है।

हेमा समिति की रिपोर्ट के आधार पर एक्शन क्यों नहीं......केरल सरकार को फटकार

तिरुअनंतपुरम (ईएमएस)। केरल उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार पर न्यायमूर्ति हेमा समिति की रिपोर्ट के आधार पर निष्क्रियता और मामले दर्ज न करने के लिए कड़ी फटकार लगा दी। इस रिपोर्ट में मलयालम फिल्म उद्योग में महिलाओं के यौन शोषण को उजागर किया था। न्यायमूर्ति ए.के. जयशंकरन नांबियार और न्यायमूर्ति सी.एस. सुधा की एक विशेष पीठ ने सरकार द्वारा गठित एसआईटी को कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया, हालांकि इसने मीडिया को चुप कराने से इंकार कर दिया।

यह देखकर कि रिपोर्ट 2019 में ही सरकार को सौंप दी गई थी, अदालत ने कहा, हम मुख्य रूप से राज्य की निष्क्रियता से चिंतित हैं, जिसमें एफआईआर दर्ज न करना भी शामिल है... 4 साल में रिपोर्ट को दबाए रखने के अलावा कुछ नहीं किया है। अदालत ने कहा कि सरकार के लिए चुप्पी कोई विकल्प नहीं है और इस बात पर जोर दिया कि महिलाओं के खिलाफ पूर्वाग्रह और भेदभाव को बदलना होगा।

उच्च न्यायालय ने कहा, समाज में महिलाओं के सामने आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए आप क्या कर रहे हैं? सिर्फ फ़िल्म उद्योग ही नहीं। स्थिति खराब है और वह भी हमारे जैसे राज्य में। हमारे राज्य में महिलाओं की आबादी ज़्यादा है। यह हमारे लिए अल्पसंख्यक मुद्दा नहीं है... एसआईटी को इस सब पर गौर करना चाहिए।

केरल सरकार ने 2017 में जस्टिस हेमा समिति का गठन किया था। 19 अगस्त, 2024 को सार्वजनिक की गई रिपोर्ट में मलयालम फ़िल्म उद्योग में महिलाओं के उत्पीड़न और शोषण के मामलों का खुलासा किया गया है।अदालत ने कहा कि सरकार के लिए चुप्पी कोई विकल्प नहीं है और इस बात पर जोर दिया कि महिलाओं के खिलाफ पूर्वाग्रह और भेदभाव को बदलना होगा।

मणिपुर यूनिवर्सिटी में होने वाले यूजी और पीजी के सभी एग्जाम टले

इम्फाल (ईएमएस)। हिंसा की आशंका के चलते मणिपुर यूनिवर्सिटी में होने वाले यूजी और पीजी के सभी एग्जाम को टाल दिया गया है। वहीं राज्य के तीन जिलों में कर्फ्यू लगा दिया गया है। अधिकारियों ने इंफाल पूर्व, इंफाल पश्चिम और थौबल में फिर से कर्फ्यू लगाया है। राज्य में बढ़ती हिंसा के खिलाफ मणिपुर के मुख्यमंत्री सचिवालय और इंफाल में राजभवन के सामने प्रदर्शन कर रहे सैकड़ों छात्र फिर से इमा मार्केट (नुपी कीथेल) में जमा हो गए। वह दोबारा अपनी मांगों को लेकर एक जगह पर एकत्रित हुए हैं। इसके साथ ही सरकार ने 5 दिनों के लिए राज्य के 5 जिलों में इंटरनेट को बंद कर दिया है।

राज्य के गृह विभाग ने एक अधिसूचना में कहा कि यह निर्णय तस्वीर, नफरती भाषण और नफरती वीडियो के प्रसार के लिए सोशल मीडिया के उपयोग पर अंकुश लगाने के लिए लिया गया है। अधिसूचना में कहा गया है, ''मणिपुर राज्य के क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र में 10 सितंबर को अपराह्न 3 बजे से 15 सितंबर को अपराह्न 3 बजे तक पांच दिनों के लिए लीज लाइन, वीसैट, ब्रॉडबैंड और वीपीएन सेवाओं सहित इंटरनेट और मोबाइल डेटा सेवाओं को अस्थायी रूप से निलंबित/रोकने का आदेश दिया गया है।

पश्चिम बंगाल में आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टरों ने सुप्रीम कोर्ट के निर्देश को नहीं माना, आंदोलन जारी रहेगा

नई दिल्ली (ईएमएस)। पश्चिम बंगालमें आंदोलनकारी जूनियर डॉक्टरों ने कामपर लौटने सी इनकार कर दिया है। इस सम्बन्ध में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश की अवज्ञा करते हुए डॉक्टरों ने कहा कि वे अपनी मांगें पूरी होने और आरजी कर अस्पताल घटना की पीड़िता को न्याय मिलने तक डयूटी पर नहीं जाएंगे। ज्ञात रहे कि सुप्रीम कोर्ट ने एक दिन पहले, प्रदर्शनकारी रेजिडेंट डॉक्टरों को मंगलवार शाम पांच बजे तक काम पर लौटने का निर्देश देते हुए कहा था कि ऐसा करने पर उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।

आंदोलनकारी डॉक्टरों ने कहा है कि हमारी मांगें पूरी नहीं होने के कारण हम काम बंद रखेंगे। हमने राज्य सरकार को कोलकाता पुलिस आयुक्त, स्वास्थ्य सचिव, स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशक और चिकित्सा शिक्षा निदेशक को शाम पांच बजे तक पद से हटाने को कहा था। हम चर्चा के लिए तैयार हैं।

लालबाजार स्थित कोलकाता पुलिस मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन करने के एक सप्ताह बाद, सैकड़ों जूनियर चिकित्सकों ने मंगलवार को स्वास्थ्य भवन की ओर मार्च किया और आर जी कर अस्पताल में बलात्कार एवं हत्या की पीड़िता चिकित्सक के लिए न्याय की मांग की। इसके साथ ही प्रदर्शनकारी चिकित्सकों ने मामले में कोलकाता के पुलिस आयुक्त एवं कई स्वास्थ्य अधिकारियों के इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शनकारी डॉक्टर पिछले सप्ताह लालबाजार में रीढ़ की हड्डी का मॉडल लेकर गए थे। इस बार प्रदर्शनकारी डॉक्टरों ने साल्ट लेक के सेक्टर-5 में पश्चिम बंगाल स्वास्थ्य विभाग के मुख्यालय की ओर मार्च करते हुए झाड़ू और मस्तिष्क का मॉडल दिखाया।

आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ने 51 डॉक्टरों को नोटिस जारी किया है और उन्हें 11 सितंबर को जांच समिति के समक्ष पेश होने के लिए कहा है। अस्पताल के अधिकारियों द्वारा जारी नोटिस में कहा गया है कि उन्हें समिति के समक्ष अपनी बेगुनाही साबित करनी होगी। आरजी कर अस्पताल की विशेष परिषद समिति द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार, उन 51 डॉक्टरों के लिए संस्थान के परिसर में प्रवेश प्रतिबंधित है, जब तक कि जांच समिति द्वारा उन्हें नहीं बुलाया जाता।

अस्पताल के प्राचार्य द्वारा हस्ताक्षरित नोटिस में कहा गया है इन डॉक्टरों के कॉलेज की गतिविधियों में भाग लेने पर भी प्रतिबंध लगाया गया है। सूची में वरिष्ठ रेजिडेंट, हाउस स्टाफ, इंटर्न और प्रोफेसर शामिल हैं।

हसीना के तमाम फैसलों को पलट रही यूनुस सरकार,हिलसा पर लगाया प्रतिबंध

ढाका(ईएमएस)। बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना द्वारा लिए गए तमाम फैसलों का यूनुस सरकार अध्ययन कर रही है। अब तक कई फैसले पलट दिए गए हैं और कईयों को बहुत जल्द पलट दिया जाएगा। इस बीच दुर्गा पूजा के शुरू होने से कुछ दिन पहले ही बांग्लादेश ने एक ऐसा फैसला लिया, जिसका असर भारत पर पड़ने वाला है। दरअसल, बांग्लादेश सरकार ने हिलसा मछली के निर्यात पर बैन लगा दिया है। अब दुर्गा पूजा से कुछ दिन पहले आए इस फैसले का बंगाली लोगों पर खासा असर पड़ेगा। इस फैसले के बाद बंगाल में हिलसा यानी बांग्लादेशी इलिश (बंगाली में कहा जाता है) के दाम काफी चढ़ गए हैं और अब मछली को खरीदने के लिए ज्यादा जेब ढीली करनी पड़ रही है।

दूसरी ओर शेख हसीना सरकार के समय पर हिलसा मछली के निर्यात को आसान बनाया गया था। हालांकि, ये बैन भारत पर ज्यादा असर नहीं डालेगी। ऐसा इसलिए क्योंकि भारत ने दूसरा रास्ता खोज लिया है। बांग्लादेश से आने वाली हिल्सा अब म्यांमार के रास्ते भारत आ रही है। लेकिन अब इसके लिए ग्राहकों को ज्यादा पैसे खर्च करने होंगे। कुछ महीने पहले एक किलो हिलसा की कीमत 1800 रुपये तक थी, जो अब 2400 तक पहुंच गई है। बांग्लादेश सरकार ने इस फैसले पर सफाई देते हुए कहा कि स्थानीय लोगों के लिए हिलसा की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के यह फैसला लिया गया है। बांग्लादेश के मत्स्य पालन और पशुधन मंत्रालय की सलाहकार फरीदा अख्तर ने कहा कि अगर निर्यात पर बैन नहीं लगाया जाता तो देश में हिलसा के दाम काफी बढ़ जाते।बता दें कि इलिश मछली का 70 फीसद उत्पादन केवल बांग्लादेश में होता है, जिसके चलते पड़ोसी मुल्क को काफी फायदा होता है।

जल्द ही लिथियम-आयन बैटरी निर्यात करेगा भारतः गडकरी

मुंबई (ईएमएस)। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि भारत जल्द ही लिथियम-आयन बैटरी निर्यात करने की स्थिति में आ जाएगा। रिचार्जेबल बैटरी जो इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए आवश्यक हैं। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने कहा कि ईवी वृद्धि के आंकड़े काफी उत्साहजनक और ये भारत ऑटोमोबाइल ताकत को दिखाते हैं।

मंगलवार को सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम) के 64वें सम्मेलन में गडकरी ने उम्मीद जाहिर कि 2030 तक ईवी बाजार में 1 करोड़ की बिक्री होगी। उन्होंने अनुमान लगाया कि 2030 तक ईवी फाइनेंस बाजार 5 लाख करोड़ रुपये का होगा।

गडकरी ने कहा कि वे पेट्रोल और डीजल के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन मेरा मानना है कि लोगों को प्रदूषण से सुरक्षा की जरूरत है। गडकरी स्वच्छ ईंधन पर जोर देने और वाहन निर्माताओं से ईवी और हाइड्रोजन पर ध्यान देने का आग्रह करने के लिए जाने जाते हैं। गडकरी ने उद्योग से नई तकनीक अपनाने और पेट्रोल और डीजल के बारे में चिंता न करने का आग्रह किया।

पिछले सप्ताह गडकरी ने कहा था कि बहुत जल्द देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने के लिए किसी और सब्सिडी की जरूरत नहीं होगी। पिछले सप्ताह गडकरी ने कहा था कि लिथियम-आयन बैटरी की कीमत जो पहले 150 डॉलर प्रति किलोवाट प्रति घंटा हुआ करती थी, अब घटकर 107-108 डॉलर प्रति किलोवाट प्रति घंटा रह गई है। उन्होंने कहा था कि पांच कंपनियों ने लिथियम-आयन बैटरी का निर्माण शुरू कर दिया है और अगले कुछ वर्षों में इसकी कीमत कम होकर 90 डॉलर प्रति किलोवाट प्रति घंटा रह जाएगी। डीजल और पेट्रोल वाहनों और इलेक्ट्रिक वाहनों की कीमत बराबर होगी, लेकिन बिजली की कीमत जीवाश्म ईंधन से 10 गुना कम होगी।

वक्फ संशोधन बिल पर जहर उगल रहा भगौड़ा जाकिर....50 लाख मुसलमान साथ आए

नई दिल्ली (ईएमएस)। वक्फ संशोधन बिल पर छिड़ी जंग में अब कट्टरपंथी जाकिर नाइक की भी एंट्री हो गई है। भगौड़ा जाकिर जहर उगल रहा है। जाकिर कह रहा है कि वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ एकजुट हो जाओ। वक्फ बोर्ड की संपत्तियों की हिफाजत करो। मुसलमानों की भावी पीढ़ियों के लिए लड़ने का आह्वान जाकिर नाइक की ओर से हो रहा है। जाकिर ने कहा है कि करीब 50 लाख मुसलमान एक साथ आ जाए और वक्फ संशोधन बिल के रिजेक्शन पर क्लिक करें। इसके लिए स्कैन अभियान भी शुरू कर दिया है। जितने लोग मुहिम में हिस्सा लेते हैं उनका मत संयुक्त संसदीय कमेटी तक पहुंचाया जाएगा।

दरअसल, वक्फ बिल के खिलाफ इन दिनों कई मुस्लिम संगठन मुहिम चला रहे हैं। जाकिर इस मुहिम को हाईजैक कर खुद को मुसलमानों का असली रहनुमा साबित करना चाहता है। जाकिर कह रहा है कि करीब पचास लाख मुसलमानों को बिल के खिलाफ उसके अभियान से जुड़ना चाहिए। लेकिन इसके पीछे उसका असली मंसूबा 50 लाख मुसलमानों को उसके जहरीले एजेंडे से जोड़ना हो सकता है।

मलेशिया में रहकर जाकिर भारत के खिलाफ कट्टरपंथी एजेंडा चलाता है। नफरत फैलाने और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपों के बीच 2016 में भारत से भाग गया था। इस्लामिक उपदेशक को पिछली महाथिर मोहम्मद सरकार द्वारा मलेशिया में स्थायी निवास की अनुमति दी गई थी, जिससे भारत को काफी निराशा हुई थी। नाइक को कई बार अनवर इब्राहिम के साथ देखा गया है। इसके बाद अनवर इब्राहिम के इस दौरे पर जाकिर नाइक के वापसी की मांग उठने लगी है।

जहां तक वक्फ बोर्ड बिल के विरोध का सवाल है, तब असदद्दीन ओवैसी जैसे नेता पहले से अभियान चला रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी दिल्ली में बैठकर वक्फ बोर्ड पर कानून बनाएंगे। अब वक्फ को कोई एक्शन लेना है, तब पीएम नरेंद्र मोदी से पूछना पड़ेगा।

वियतनाम में यागी तूफान में टूटा स्टील पुल, कई गाड़ियां और लोग बहे

बिजली सप्लाई ठप, 15 लाख लोग अंधेरे में रहे रहने को मजबूर

हनोई,(ईएमएस)। वियतनाम में आए सुपर टाइफून यागी तूफान ने भारी तबाही मचाई है। उत्तरी वियतनाम में तूफान के कारण एक पुल ढह गया है। वहीं भूस्खलन के कारण 60 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है। पुल के गिरने का वीडियो सामने आया है। फुटेज में दिख रहा है कि फू थो प्रांत में फोंग चाऊ पुल पानी में ढह गया। इस कारण कार के आगे चल रहे कई वाहन पानी में डूब गए। एक ट्रक भी गिरता दिख रहा है। 13 लोगों लापता बताए जा रहे हैं उनकी तलाश की जा रही है। तूफान से बिजली सप्लाई ठप हो गई है और 15 लाख लोग बिना बिजली के रह रहे हैं।

मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि 247 लोग घायल हुए हैं। इनमें से 157 क्वांग मिन्ह प्रांत से और 40 लोग हाई फोंग शहर के हैं। आपदा में 25 नौकाएं और जहाज डूब गए है, जिनमें से ज्यादातर मछली पकड़ने वाली नावें थीं। इस आपदा से 1,13,000 हेक्टेयर चावल के खेत और 22 हजार हेक्टेयर से ज्यादा अन्य फसलों को नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा 1,90,000 पक्षी मारे गए और करीब 1,21,700 पेड़ नष्ट हो गए। वियतनाम के उत्तरी फू थो प्रांत में स्टील पुल ढहने से कारण 10 गाड़ियां और दो बाइक रेड नदी में गिर गईं और 13 लोग लापता हो गए।

स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक काओ बांग प्रांत में भूस्खलन के कारण 21 लोगों की मौत हो गई और कई लापता हैं। वहीं, लाओ कै प्रांत में 15 लोगों की मौत हुई है। मंत्रालय के मुताबिक तूफान के कारण वियतनाम के हालत पूरी तरह से खराब हैं। वियतनाम में यह 30 सालों में सबसे शक्तिशाली तूफान है।

जन हितैषी

विश्वास की कड़ी टूटते ही मणिपुर में हिंसा

एक बार फिर मणिपुर हिंसा की आग में झुलस रहा है। पिछले 11 दिनों में 8 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। दोनों ही समुदाय एक दूसरे के ऊपर हमला कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी मणिपुर के मुख्यमंत्री और राज्यपाल का इस्तीफा मांग रहे हैं। स्कूली छात्र अब इस आंदोलन में शामिल हो गए हैं। स्कूली छात्रों ने इंफाल में सीआरपीएफ के जवानों पर भी हमला कर दिया। मणिपुर का राजभवन भी अब सुरक्षित नहीं रहा। यहां पर आंदोलनकारियों द्वारा पथराव किया जा रहा है। स्थानीय नागरिक कुकी हों या मेतई, दोनों ही ड्रोन और रॉकेट के हमलों से भयभीत हैं। राज्य सरकार दोनों ही समुदाय को सुरक्षा नहीं दे पा रही है। केंद्र सरकार ने 50000 से अधिक सुरक्षाबल मणिपुर में तैनात कर रखा है। वह भी कुकी और मेतई समुदाय का विश्वास नहीं जीत पाई है। मुख्यमंत्री बीरेन सिंह के खिलाफ अब मैतई समुदाय में भी भारी रोष देखने को मिल रहा है। स्कूली छात्रों ने अपनी छह सूत्री मांगों को रखा था। जिस पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने कोई प्रतिक्रिया न देते हुए, छात्रों को टाल दिया। इससे छात्रों का गुस्सा भड़क गया है। छात्र सड़कों पर उतर आए हैं। मेतई संगठनों ने सरकारी कार्यालय में अपना झंडा फहरा दिया। आंदोलनकारियों का कहना है, सुरक्षा सलाहकार और डीजीपी राज्य में शांति स्थापित करने में असफल रहे हैं। आंदोलनकारी उन दोनों के साथ, मुख्यमंत्री और राज्यपाल को भी हटाने की मांग कर रहे हैं।

16 महीने से मणिपुर में हिंसा चल रही है। केंद्र सरकार, राज्य सरकार, सुप्रीम कोर्ट सभी ने अपने-अपने स्तर पर प्रयास किया। मणिपुर की देश और विदेशों में चर्चा हो रही है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी दो बार मणिपुर का दौरा कर चुके हैं। इसके बाद भी मणिपुर में शांति स्थापित नहीं हो पा रही है। इसका मूल कारण हाईकोर्ट के आरक्षण पर दिए गए निर्णय के बाद से, मणिपुर घाटी सुलग रही है। आरक्षण विवाद की चिंगारी मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने लगाई थी। आरक्षण के मुद्दे पर मेतई समुदाय का समर्थन प्रारंभ में मणिपुर के मुख्यमंत्री को मिल रहा था। लेकिन अब मेतई समुदाय भी उनसे नाराज है। मुख्यमंत्री के होते हुए इस समुदाय को काफी बड़ा नुकसान हुआ है। मुख्यमंत्री बीरेन सिंह मैतई समुदाय की रक्षा नहीं कर पाए। लाखों की संख्या में मेतई समुदाय की महिलाएं और बच्चे परेशान हैं। मणिपुर की पूर्व राज्यपाल अनसुईया उइके दोनों ही समुदाय के बीच विश्वास की कड़ी बनी थीं। मणिपुर की सामाजिक व्यवस्था में महिलाओं का वर्चस्व है। मणिपुर की पूर्व राज्यपाल ने दोनों समुदाय के बीच विशेषकर महिलाओं के बीच समन्वय बनाने में सफलता पाई थी। वह दोनों ही समुदाय के लोगों से मिलकर उनका भरोसा जगा रही थीं। विवाद को सुलझाने में वह दोनों पक्षों का भरोसा जीतने में सफल रही हैं। जैसे ही उनका कार्यकाल खत्म हुआ। अगस्त माह में वह गवर्नर का पद छोड़कर वापस चली गई। उसके बाद से मणिपुर के लोगों में विश्वास का संकट पैदा हो गया है। पूर्व राज्यपाल अनसुईया उइके के रहते हुए दोनों समुदायों को विश्वास था, जल्द ही मणिपुर में शांति स्थापित होगी। जैसे ही अनुसुईया उइके मणिपुर छोड़कर गई हैं। उसके बाद से ही मणिपुर में हिंसा का नया दौर शुरू हो गया। मणिपुर में जब तक बीरेन सिंह मुख्यमंत्री बने रहेंगे, तब तक मणिपुर की समस्या का समाधान नहीं होगा। वही आग में पेट्रोल डालने का काम कर रहे हैं। केंद्र सरकार की नीतियां और शांति के प्रयास मुख्यमंत्री के कारण मणिपुर में सफल नहीं हो पा रहे हैं। मुख्यमंत्री बीरेन सिंह पर दोनों ही समुदाय को अब कोई विश्वास नहीं है। रही सही कसर जो नए कार्यवाहक राज्यपाल आए हैं, वह भी मुख्यमंत्री के नक्शे-कदम पर चलकर पूरी कर रहे हैं। इस कारण मणिपुर की स्थिति दिनों दिन खराब होती जा रही है। दोनों ही समुदाय के लोगों में डर और भय का वातावरण बना हुआ है। पूर्व राज्यपाल अनसुईया उइके जरूर एक विश्वास का प्रतीक थीं। उनके मणिपुर में नहीं होने से अब डर और भय का वातावरण बन गया है। ऐसी स्थिति में मणिपुर में शांति स्थापित हो पाना नामुमकिन है। केंद्र सरकार ने मणिपुर को एक तरह से मुख्यमंत्री के हवाले कर दिया है। जिसके कारण केंद्र और राज्य सरकार के प्रति मणिपुर के दोनों समुदायों में भयंकर नाराजी है। केंद्र सरकार को समय रहते, मणिपुर के मुख्यमंत्री को बर्खास्त कर, निष्पक्ष प्रशासन को तैनात करना होगा। जो दोनों ही पक्षों का विश्वास जीत सके। मणिपुर के मामले में केंद्र सरकार को पूर्व राज्यपाल अनसुईया उइके का भी उपयोग मणिपुर में शांति स्थापित करने में करना चाहिये। दोनों समुदाय को उनके ऊपर विश्वास है। विश्वास के जरिए ही दोनों समुदाय के बीच बातचीत हो सकती है। स्थितियों का समाधान निकाला जा सकता है। केंद्र सरकार को इस मामले में गंभीरता से विचार कर, तुरंत निर्णय लेने की जरूरत है। अनिर्णय की स्थिति में सीमावर्ती राज्य, पूर्वोत्तर राज्यों एवं देश की सुरक्षा को लेकर गंभीर संकट उत्पन्न हो सकते हैं।

संरक्षक पर प्रश्न चिन्ह- क्या अब भाजपा को संघ की जरूरत नही रही....?

भारत के मौजूदा सत्तारूढ़ खेमों में इस बात को लेकर अच्छी खासी चर्चा है कि ऐसी क्या खास वजह पैदा हो गई। जिससे देश पर राज कर रही भारतीय जनता पार्टी और उसके कथित संरक्षक संगठन राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आर.एस.एस.) के बीच अंदरूनी मनमुटाव की स्थिति पैदा हो गई और जिसके कारण भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष को संघ की राष्ट्रीय समन्वयक बैठक में यह कहना पड़ कि- ''भाजपा को संघ की अब कोई जरूरत नहीं है, अब भाजपा हर तरीके से अपने आपमें सक्षम और आत्मनिर्भर है।'' भाजपाध्यक्ष के इस बयान की देश के राजनीतिक क्षेत्रों में अच्छी खासी चर्चा है और कथन को लेकर मौजूदा और भविष्य के कयासों पर अटकलें तेज है। भाजपाध्यक्ष के इस बयान से संघ स्वयं वाली विस्मित है तथा अब वह अपनी अगली रणनीति को लेकर सजग व सक्रिय हो गया है, संघ प्रमुख केरल के पलक्कड में सम्पन्न इस सम्मेलन के बाद काफी चिंतित और सक्रिय हो गए है, उन्होंने पिछले कुछ दिनों में अपने विश्वस्तों के साथ कई बार गंभीर मंत्रणाएं भी की है।

अब भाजपाध्यक्ष जगतप्रकाश नड्ड़ा के इस तल्खी भरे बयन के राजनीतिक क्षेत्रों में कई अर्थ निकाले जा रहे है, संघ इस बात को लेकर चिंतित है कि प्रधानमंत्री की मौन स्वीकृति के बिना नड्ड़ा जी ऐसा बयान दे नही सकते और मोदी जी की संघ के प्रति यह मुद्रा क्यों है? यह किसी के भी समझ में नही आ रहा है। भाजपाध्यक्ष ने यह बयान संघ के करीब दस दिन पहले केरल के पलक्कड़ शहर में हुए सम्मेलन में दिया था, बयान तिथि से अब तक के दस दिन के समय में भाजपाध्यक्ष के इस बयान की काफी राजनीतिक सर्जरी हो चुकी है और वह अभी भी जारी है, इस कारण भाजपा और संघ दोनों में ही खलबली मची हुई है।

अब ऐसे मौके पर राजनीतिक प्रेक्षकों को मोदी का राजनीतिक इतिहास याद आ रहा है, जब मोदी के गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए दंगों के बाद अटल जी का सार्वजनिक रूप से मोदी से की गई तल्खी भरी बातचीत और मोदी की दो टूक सफाई इसके साथ ही मुख्यमंत्री के रूप में मोदी के इस समय हुए दिल्ली दौरों और अटल-अड़वानी की तत्कालीन राजनीतिक भूमिका व मोदी के प्रति बर्ताव भी इन दिनों राजनीतिक क्षेत्रों में समीक्षा का विषय बना हुआ है और आज प्रधानमंत्री की संघ के प्रति तल्खी को उसी संदर्भ में जांचा परखा जो निकलेगें वे सार्वजनिक हो पाएगें या नही? यह तो फिलहाल कहना मुश्किल है, किंतु यह सही है कि इन परिणामों की प्रतीक्षा सभी को है, संघ को भी और मोदी खेमें को भी।

हाँ, तो चर्चा का मुख्य विषय संघ की मौजूदा स्थिति, उसका भाजपा पर असर और दोनों की भावी रणनीति है, अब यहां मौजूदा स्थिति को देखकर यह कहना भी गलत नही होगा कि मोदी और उनकी टोली को संघ की कोई चिंता नही है और यही संघ की चिंता का भी मुख्य कारण है और भाजपाध्यक्ष के स्पष्ट बयान ने तो स्थिति को और भी साफ कर दिया है, अब यदि संघ को अपने आपका अस्तित्व कायम रखना है तो उसे बिना किसी से सहयोग की अपेक्षा रखे खुद को ही इस दिशा में प्रयास करना पड़ेगें और अब यह भी स्पष्ट हो चुका है कि संघ को मोदी से किसी भी प्रकार के सहयोग या आदर भाव की अपेक्षा भी करना बंद कर देना चाहिए, क्योंकि सत्ता के गुरूर में डूबी भाजपा व उसके नेता कई बार संघ को इसी तरह के संकेत दे चुके है, इसलिए अपनी अस्मिता कायम रखने के लिए संघ को ही प्रयास जारी रखना होगें, उसकी मद्द के लिए कोई साथ नही आएगा। अब इस सामयिक चेतावनी को संघ समय रहते समझ ले तो ठीक है, वर्ना मोदी का तो अभी करीब-करीब पूरा ही तीसरा कार्यकाल बाकी है। (लेखक-ओमप्रकाश मेहता/ ईएमएस)

जम्मू-कश्मीर पर रक्षामंत्री का दूरगामी सन्देश

जम्मू-कश्मीर में चुनाव प्रचार को एक नई करवट देते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ऐसी बातें कहीं है जो घाटी के लोगों के दिलों को छूने वाली होने के साथ प्रांत में नई उम्मीदों के नये दौर का आगाज है एवं गुलाम कश्मीर के लोगों के प्रति सहानुभूति एवं आत्मीयता दर्शाने वाली है। एक दिन पहले करगिल युद्ध को लेकर पाकिस्तान के आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर ने वो बात कुबूल कर ली, जो अब तक सारे पाकिस्तानी जनरल पूरी दुनिया से छिपाते रहे। आसिम मुनीर ने साफ-साफ कहा कि कारगिल जंग में पाकिस्तानी सेना का हाथ था। उनके सैनिकों ने शहादत दी है। इसके अगले ही दिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का जम्मू-कश्मीर की धरती से ये ऐलान कि अगर पाकिस्तान आतंक छोड़ दे तो उसके साथ बातचीत हो सकती है। यह बयान बहुत कुछ कहता है एवं इसके कई दूरगामी राजनीतिक दृष्टिकोण है। पाकिस्तान समझ चुका है कि कश्मीर में अब उसका कुछ नहीं बचा। रही सही कसर, जम्मू-कश्मीर में हो रहे चुनावों में लोगों की जोरदार भागीदारी ने पूरी कर दी। उसकी सारी उम्मीदों पर पानी फिरता दिख रहा है, ऐसे में वह हकीकत स्वीकार करता नजर आ रहा है। रक्षामंत्री की कही बातों में पाकिस्तान सरकार को सीधा सन्देश दिया गया है। निश्चित ही राजनाथ सिंह के बयान एक अनुभवी एवं कद्दावर नेता के रणनीतिक एवं दूरगामी सोच से जुड़े बयान है, जिनकी प्रतिक्रिया दोनों ही देशों में होने के साथ ही चुनाव में हिस्सेदारी कर रहे राजनीतिक दलों में सुगबुगाहट का बड़ा कारण बना है।

कश्मीर में विकास, पर्यटन में भारी वृद्धि, शांति एवं सौहार्द का वातावरण बनना गुलाम कश्मीर के लोगों को प्रेरित कर रही हैं कि उन्हें भी इस ओर आजाद फिजा में सांस लेने का मौका मिले। ऐसे में रक्षामंत्री ने उन्हें भारत का हिस्सा बनने का निमंत्रण देकर पड़ौसी देश की दुखती रग को छेड़ दिया है एवं पाकिस्तान की नींद उड़ा दी है, बल्कि गुलाम कश्मीर के लोगों में भी नया विश्वास एवं मनोबल जगा दिया है। रक्षामंत्री का यह निमंत्रण बहुत मायने रखता है, इससे पहले गृहमंत्री अमित शाह ने भी कहा था कि गुलाम कश्मीर हमारा है एवं हम इसे लेकर रहेंगे। गुलाम कश्मीर के लोग भारत से मिलने के लिये उत्सुक है, आन्दोलनरत है। क्योंकि पाकिस्तानी शासक उन्हें विदेशियों की तरह देखते हैं। यह एक सच्चाई भी है। पाकिस्तान अपने कब्जे वाले कश्मीर के लोगों का जैसा दमन और शोषण कर रहा है, उसके कई प्रमाण सामने आ चुके हैं। इसी दमन और शोषण के चलते जब-तब वहां पाकिस्तान के खिलाफ सड़कों पर उतरकर लोग भारत जाने की अनुमति भी मांगते रहते हैं। गुलाम कश्मीर में आंदोलन का नेतृत्व कर रहे लोगों को मारा जा रहा है। वहां के लोग यह अच्छी तरह देख रहे हैं कि भारतीय भूभाग में किस तरह तेजी से विकास हो रहा है और उन्हें किस तरह पाकिस्तान की ओर से ठगा जाता रहा है। कहना कठिन है कि रक्षा मंत्री के बयान पर पाकिस्तान क्या कहता है, लेकिन इसके आसार कम ही हैं कि वह आतंकवाद को सहयोग-समर्थन देने से बाज आएगा। पाकिस्तान की दमनकारी नीतियों के खिलाफ आंदोलन कर रहे इस चुनाव पर सिर्फ भारतीयों नहीं, पूरी दुनिया की नजर है। विधानसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच राजनाथ सिंह ने कहा कि हम गुलाम कश्मीर पर अपना दावा कभी नही छोड़ेंगे। वैसे भी गुलाम कश्मीर के लोग हमारे ही लोग है, उन्हें पाकिस्तान ने कभी अपना माना ही नहीं है। राजनाथ सिंह का गुलाम कश्मीर के लोगों को संदेश पाकिस्तान के ताबूत में आखिरी कील की तरह है।

रक्षा मंत्री ने अपने वक्तव्य के जरिये चुनाव के परिदृश्यों को एक नया मोड़ दिया है। उन्होंने नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी और कांग्रेस को भी निशाने पर लिया। उनके लिए ऐसा करना इसलिए आवश्यक हो गया था, क्योंकि नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी के नेता पाकिस्तानपरस्ती का परिचय देते हुए उससे बात करने पर जोर दे रहे हैं, लेकिन ऐसा करते हुए वे यह रेखांकित नहीं करते कि वार्ता के लिए उसे आतंकवाद पर लगाम लगानी होगी। नेशनल कॉन्फ्रेंस और पीडीपी कश्मीर के लोगों को अनुच्छेद-370 की वापसी का भी सपना दिखा रहे हैं। यह दिवास्वप्न के अलावा और कुछ नहीं, क्योंकि अब इस विभाजनकारी और अलगाववाद को बढ़ावा देने वाले अनुच्छेद की वापसी संभव नहीं और इसीलिए रामबन में राजनाथ सिंह ने कहा, भाजपा ने डंके की चोट पर अनुच्छेद 370 हटाकर जम्मू-कश्मीर में शांति और समृद्धि का रास्ता बनाया है। किसी माई के लाल में हिम्मत नहीं कि वह इस अनुच्छेद को वापस ला सके। ऐसा कहते हुए उन्होंने कांग्रेस को भी निशाने पर लिया, जो कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है और अनुच्छेद-370 की वापसी के उसके वादे पर मौन धारण किए हुए है। पाकिस्तान एवं घाटी के विभिन्न राजनीतिक दल बार-बार अनुच्छेद 370 का जिक्र कर दुनिया के सामने यह गीत गाते रहे हैं कि 370 हटने से कश्मीर के लोग नाराज हैं। इस झूठ को खुलासा स्वयं कश्मीर की जनता ने लोकसभा चुनाव में वोटिंग के जरिये किया है।

घाटी में चुनाव में हिस्सेदारी कर रहे हैं राजनीतिक दल पाकिस्तानी राग अलापते रहे हैं। उमर अब्दुल्ला इस वक्त अफ़ज़ल को दी गयी फांसी के विवाद में घिर चुके हैं। उन्होंने कह दिया कि अफ़ज़ल को फाँसी देना गलत था। चूँकि अफ़ज़ल संसद पर हमले का ज़िम्मेदार था, उसकी तरफदारी करके नेशनल कान्फ्रेंस स्पष्ट रूप से जता रही है कि वह आतंकवादियों से मिली हुई है या उनकी तरफ़दारी कर रही है और कांग्रेस उसकी साथी है। इन स्थितियों में कांग्रेस को यह स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह नेशनल कॉन्फ्रेंस के घोषणापत्र में किए गए वादों से सहमत है? उसे यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि क्या वह उमर अब्दुल्ला के इस आकलन से सहमत है कि संसद पर हमले की साजिश रचने वाले अफजल गुरु को फांसी की सजा देने से कुछ हासिल नहीं हुआ? यह अलगाववाद और आतंकवाद के दौर की वापसी के समर्थकों की हमदर्दी हासिल करने वाला ही बयान है और इसीलिए राजनाथ सिंह ने उन पर कटाक्ष किया कि अफजल को फांसी न दी जाती तो क्या उसके गले में हार डाले जाते। यह विडंबना ही है कि कांग्रेस उमर अब्दुल्ला के इस बयान पर भी चुप्पी साधे है, जबकि उसे फांसी की सजा मनमोहन सिंह सरकार के समय ही दी गई थी। ऐसे में कश्मीर के लोगों को तय करना होगा कि वे देश प्रेमियों के साथ हैं या देशद्रोहियों के साथ? बहरहाल, धारा 370 हटने के बाद यहाँ पहली बार हुए लोकसभा चुनाव में पचास प्रतिशत से ऊपर मतदान हुआ था जो अच्छा संकेत है। वर्ना इससे पहले तो तीस प्रतिशत मतदान को भी अच्छा समझा जाता रहा।

जम्मू एवं कश्मीर के चुनाव अनेक दृष्टियों से न केवल राजनीतिक दशा-दिशा स्पष्ट करेंगे बल्कि बल्कि राज्य के उद्योग, पर्यटन, रोजगार, व्यापार, रक्षा, शांति आदि नीतियों तथा राज्य की पूरी जीवन शैली व भाईचारे की संस्कृति को प्रभावित करेगा। वैसे तो हर चुनाव में वर्ग, जाति, सम्प्रदाय का आधार रहता है, पर इस बार वर्ग, जाति, धर्म, सम्प्रदाय व क्षेत्रीयता के साथ गुलाम कश्मीर एवं अनुच्छेद 370 के मुद्दे व्यापक रूप से उभर कर सामने आयेंगे। इन चुनावों में मतदाता जहां ज्यादा जागरूक दिखाई दे रहा है, वहीं राजनीतिज्ञ भी ज्यादा समझदार एवं चतुर बने हुए दिख रहे हैं। उन्होंने जिस प्रकार चुनावी शतरंज पर काले-सफेद मोहरें रखे हैं, उससे मतदाता भी उलझा हुआ है। अपने हित की पात्रता नहीं मिल रही है। कौन ले जाएगा राज्य की एक करोड पच्चीस लाख जनता को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में विकास एवं शांति की दिशा में। इन स्थितियों में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कश्मीर की जनता को जागरूक किया है एवं मतदान के प्रति सतर्क होने के साथ अपना मतदान विवेक से करने का वातावरण निर्मित किया है। (लेखक-ललित गर्ग/ ईएमएस)

मुफ्त की संस्कृति से पंजाब-हिमाचल की बढ़ी आर्थिक मुश्किलें

दिल्ली, पंजाब व हिमाचल सरकारों के सम्मुख वित्तीय संकट के धुंधलके छाने लगे हैं। सत्ता पर बैठी आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस की सरकारों के सामने चुनाव के दौरान वोटरों को लुभाने के लिए की गयी फ्रीबीज या रेवड़ी कल्चर की घोषणा आर्थिक संकट का बड़ा कारण बन रही है। मुफ्त की रेवड़ियां बांटने एवं लोक-लुभावन घोषणाओं के कितने भारी नुकसान होते हैं, इस बात को दिल्ली, पंजाब व हिमाचल सरकारों के सामने खड़ी हुई वित्तीय परेशानियों से समझा जा सकता है। इन सरकारों के लगातार बढ़ते राजस्व घाटा व बड़ी होती देनदारियां राज्य की अर्थव्यवस्था पर भारी पड़ रही हैं। विकास योजनाओं को तो छोड़े, इन राज्यों में कर्मचारियों को वेतन व सेवानिवृत्त कर्मियों को समय पर पेंशन देने में मुश्किलें आ रही हैं। इन जटिल होती स्थितियों को लेकर 'रेवड़ी कल्चर' पर न्यायालय से लेकर बुद्धिजीवियों एवं राजनीति क्षेत्रों में व्यापक चर्चा है। पंजाब के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक यानी कैग की हालिया रिपोर्ट में राज्य की वित्तीय प्राप्तियों और खर्चे के बीच बढ़ते राजकोषीय अंतर को उजागर किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मुक्त की संस्कृति पर तीखे प्रहार करते हुए इसे देश के लिए नुकसानदायक परंपरा बता चुके हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने भी मुफ्त रेवड़ियां बांटने के चलन पर गंभीर चिंता जता चुके हैं। नीति आयोग के साथ रिजर्व बैंक भी मुफ्त की रेवड़ियों पर आपत्ति जता चुका है, लेकिन राजनीतिक दलों पर कोई असर नहीं है।

कैग की रिपोर्ट बताती है कि कैसे पंजाब राज्य का राजस्व घाटा, सकल राज्य घरेलू उत्पाद के 1.99 फीसदी लक्ष्य के मुकाबले 3.87 फीसदी तक जा पहुंचा है। यह बेहद चिंताजनक स्थिति है कि राज्य का सार्वजनिक ऋण जीएसडीपी का 44.12 फीसदी हो गया है। यदि अब भी सत्ताधीश वित्तीय अनुशासन का पालन नहीं करते एवं मुक्त की सुविधाएं देने से बाज नहीं आते तो निश्चित ही राज्य को बड़ी मुश्किल की ओर धकेलने जैसी बात होगी। जिसका उदाहरण सामने है कि बीते माह का वेतन निर्धारित समय पर नहीं दिया जा सका है। इसके बावजूद सत्ता पर काबिज नेता मुफ्त की रेवड़ियों को बांटने का क्रम जारी रखे हुए हैं तो उसकी कीमत न केवल टैक्स देने वालों को चुकानी पड़ रही है बल्कि आम लोगों के जीवन पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ रहा है। वहीं दूसरी ओर राज्य का खर्चा जहां 13 प्रतिशत की गति से बढ़ रहा है, वहीं राजस्व प्राप्तियां 10.76 फीसदी की दर से बढ़ रही हैं। जाहिर है, ये अंतर राज्य की आर्थिक बदहाली, आर्थिक असंतुलन एवं आर्थिक अनुशासनहीनता की तस्वीर ही उकेरता है। दिल्ली से लेकर पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकारें हों या हिमाचल प्रदेश से लेकर अन्य राज्यों में कांग्रेस की सरकारें तमाम तरह की मुफ्त की रेवड़ियां बांट कर भले ही वोट बैंक को अपने पक्ष में करने का स्वार्थी खेल खेला जा रहा हो, लेकिन इससे वित्तीय बजट लडखड़ाने ने इन राज्यों के लिये गंभीर चुनौती बन रहा हैं।

दरअसल, जिस भी नागरिक सुविधा को मुफ्त किया जाता है, उस विभाग का तो भट्टा बैठ जाता है। फिर उसका आर्थिक संतुलन कभी नहीं संभल पाता। कैग की हालिया रिपोर्ट बताती है कि पंजाब में एक निर्धारित यूनिट तक मुफ्त बिजली बांटे जाने से राज्य के अस्सी फीसदी घरेलू उपभोक्ता मुफ्त की बिजली इस्तेमाल कर रहे हैं। ये और ऐसी ही अन्य मुफ्त सुविधाओं की भरमार के कारण सरकारों के सामने अपने कर्मियों को समय पर वेतन देने के लिये वित्तीय संकट है, जबकि वेतन पर आश्रित कर्मियों को राशन-पानी, बच्चों की स्कूल की फीस व लोन की ईएमआई आदि समय पर चुकाने में दिक्कत हो रही है। इन जटिल होते हालातों को देखते हुए अपेक्षा है कि राजनेता सस्ती लोकप्रियता पाने के लिये सब्सिडी की राजनीति एवं मुफ्त की संस्कृति से परहेज करें और वित्तीय अनुशासन से राज्य की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने का प्रयास करें। जब भी ऐसी लोक-लुभावन घोषणाएं की जाती हैं तो उन दलों को अपने घोषणापत्र में यह बात स्पष्ट करनी चाहिए कि वे जो लोकलुभावनी योजना लाने जा रहे हैं, उसके वित्तीय स्त्रोत क्या होंगे? कैसे व कहां से यह धन जुटाया जाएगा? साथ ही जनता को भी सोचना चाहिए कि मुफ्त के लालच में दिया गया वोट कालांतर उनके हितों पर भारी पड़ेगा। जनता को गुमराह करते हुए, उन्हें ठगते हुए देश में रेवड़ियां बांटने का वादा और फिर उन पर जैसे-तैसे और अक्सर आधे-अधूरे ढंग से अमल का दौर चलता ही रहता है। लोकलुभावन वादों को पूरा करने की लागत अंततः मतदाताओं को खासकर करदाताओं को ही वहन करनी पड़ती है-अक्सर करों अथवा उपकरों के रूप में। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तेलंगाना विधानसभा चुनाव के समय मुफ्त रेवड़ियां देने के मुद्दे को उठाते हुए कहा था कि कई राज्यों ने अपनी वित्तीय स्थिति की अनदेखी करते हुए मुफ्त की सुविधाएं देने का वादा कर दिया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी कुछ समय पहले उन दलों को आड़े हाथों लिया था, जो वोट लेने के लिए मुफ्त की रेवड़ियां देने के वादे करते हैं। उनका कहना था कि रेवड़ी बांटने वाले कभी विकास के कार्यों जैसे रोड, रेल नेटवर्क आदि का निर्माण नहीं करा सकते। वे अस्पताल, स्कूल और गरीबों के घर भी नहीं बनवा सकते। रेवड़ी संस्कृति अर्थव्यवस्था को कमजोर करने के साथ ही आने वाली पीढ़ियों के लिए घातक भी साबित होती है। इससे मुफ्तखोरी की संस्कृति जन्म लेती है। मुफ्त की सुविधाएं पाने वाले तमाम लोग अपनी आय बढ़ाने के जतन करना छोड़ देते हैं। पंजाब में महिलाओं को नगद राशि देने की घोषणा हुई, जबकि वहां की महिलाएं समृद्ध है। दिल्ली में उन महिलाओं को भी डीटीसी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा दी गई है, जिन्हें इस तरह की सुविधा की जरूरत नहीं। आधी आबादी को मुफ्त यात्रा की सुविधा देने से दिल्ली में डीटीसी को हर साल 15 करोड़ रुपये तक का नुकसान होगा। इस राशि का उपयोग दिल्ली के इन्फ्रास्ट्रक्चर पर किया जा सकता है। मुफ्तखोरी की राजनीति से देश का आर्थिक बजट लडखड़ाने का खतरा है। और इसके साथ निष्क्रियता एवं अकर्मण्यता को बल मिलेगा। हिंदुस्तान में लोगों को बहुत कम में जीवन निर्वहन करने की आदत है ऐसे में जब मुफ्त राशन, बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा मिलेगा तो काम क्यों करेंगे।

'गरीब की थाली में पुलाव आ गया है, लगता है शहर में चुनाव आ गया है' भारत की राजनीति से जुड़ी विसंगतियों एवं विडम्बनाओं पर ये दो पंक्तियां सटीक टिप्पणी हैं। चुनाव आते ही वोटरों को लुभाने के लिए जिस तरह राजनीतिक दल और उनके नेता वायदों की बरसात करते हैं, यह शासन-व्यवस्थाओं को गहन अंधेरों में धकेल देता है। मुफ्त की संस्कृति को कल्याणकारी योजना का नाम देकर राजनीतिक लाभ की रोटियां सेंकी जाती रही है। भारत जैसे विकासशील देश के लिये यह मुक्त संस्कृति एक अभिशाप बनती जा रही है। सच भी है कि मतदाताओं का एक बड़ा वर्ग आज भी इस स्थिति में है कि कथित तौर पर मुफ्त या सस्ती चीजें उसके वोट के फैसले को प्रभावित करती हैं। मुफ्त 'रेवड़ी' व कल्याणकारी योजनाओं में संतुलन कायम करना आवश्यक है, परंतु वोट खिसकने के डर से राजनीतिक दल इस बारे में मौन धारण किये रहते हैं, बल्कि न चाहते हुए भी इसे प्रोत्साहन भी देते हैं। फ्रीबीज' या मुफ्त उपहार न केवल भारत में बल्कि पूरी दुनिया में वोट बटोरने एवं राजनीतिक धरातल मजबूत करने का हथियार हैं। मुफ्त उपहार के मामले में कोई भी देश पीछे नहीं है। ब्रिटेन, इटली, जर्मनी, फ्रांस, डेनमार्क, स्वीडन, संयुक्त अरब अमीरात, बांग्लादेश, मलेशिया, कनाडा, अंगोला, कीनिया, कांगो, स्पेन, ऑस्ट्रेलिया सहित अनेक देश इस दौड़ में शामिल हैं। विकसित देश जहां अपनी जीडीपी का 0.5 प्रतिशत से 1 प्रतिशत तक लोककल्याण योजनाओं में खर्च करते हैं, तो विकासशील देश जीडीपी का 3 प्रतिशत से 4 प्रतिशत तक फ्रीबीज के नाम पर खर्च कर देते हैं। भारत में अब जब न्यायालय की चौखट पर यह मुद्दा विचाराधीन है, तो संभावना है कि सरकार पर अनावश्यक आर्थिक भार डालने वाली घोषणाओं पर नियंत्रण को लेकर कोई राह भारत ही दुनिया को दिखाए। (लेखक-ललित गर्ग/ईएमएस)

एसए20 क्रिकेट लीग के लिए एक अक्टूबर को होगी नीलामी : स्मिथ

डरबन (ईएमएस)। दक्षिण अफ्रीका की एसए20 लीग के कमिश्नर ग्रीम स्मिथ ने कहा है कि तीसरे सत्र के लिए खिलाड़ियों की नीलामी एक अक्टूबर को होगी। स्मिथ ने कहा कि इस नीलामी में 13 खिलाड़ियों को शामिल किया जाएगा। एसए20 लीग का तीसरा सत्र 9 जनवरी से 8 फरवरी 2025 के बीच होगा। सत्र से पहले खिलाड़ियों को बरकरार रखने और टीमों को 13 और खिलाड़ियों के चयन का अवसर मिलेगा।

इस लीग में दक्षिण अफ्रीका सहित दुनिया भर के खिलाड़ी खेलेंगे। भारत के दिनेश कार्तिक भी इस लीग में पार्ल रॉयल्स टीम से खेलेंगे। वह इस लीग में खेलने वाले पहले भारतीय होंगे। इस लीग में हर टीम को तीसरे सत्र के लिए नया खिलाड़ी शामिल करना होगा जबकि तीन टीमों को 30 दिसंबर से पहले वाइल्ड कार्ड की घोषणा करनी होगी। कार्तिक के अलावा इंग्लैंड के बेन स्टोक्स, न्यूजीलैंड के केन विलियमसन, इंग्लैंड के जो रूट, न्यूजीलैंड के ट्रेंट बोल्ट, और इंग्लैंड के जॉनी बेयरस्टो, न्यूजीलजैंड के डेवोन कोंवे, जाक क्राउली के अलावा अफगानिस्तान के राशिद खान और रहमानुल्लाह गुरबाज भी इस लीग में खेलेंगे।

शब्द पहेली - 8125

बाएँ से दाएँ

1. निशा, रात (उर्दू-2)
4. ताला (अंग्रेजी-2)
6. दुलारा, लाडला-2
7. बढ़ावा, समर्थन-2
9. निवास, घर, नीड़-3
12. कमी-3
14. पनाह, आश्रय-3
16. अंगूठे से तीसरी अंगुली, सावित्री-4
17. सज्जनता, सभ्यता-4
18. गिरवी रखी वस्तु-3
20. एक राशि-3
22. दबाव (अंग्रेजी-3)
24. कुल, मुनाफा-2
26. उम्मीद, आशा-2
27. मादा का विलोम-2
28. आगमन-2

ऊपर से नीचे

1. मदिरा, मय-3
2. ऐश्वर्या व अक्षय खन्ना की फिल्म-2
3. सम्मान, प्रसिद्धि-2
5. डोली उठाने वाले-3
6. वेस्टइंडीज की क्रिकेट टीम के कप्तान-2
8. अधिकार-2
10. सेनापति, कप्तान-2,3
11. पति की मां-2
13. आत्मबलिदानी -5
14. कद काठी-3
15. रसद, किराणा-3
19. प्रत्येक-2
20. मैला, अस्वच्छ-3
21. मिट्टी, धूल-2
22. छापाखाना-2
23. जिव्हा, जीभ-3
25. सम्मान-2
26. फलों का राजा-2

शब्द पहेली -8124 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

खेल - समाचार

आखिर कौन हैं.......जिसने दुनिया में कर दी भारत की किरकिरी

नई दिल्ली (ईएमएस)। क्रिकेट इतिहास में इससे अजीब स्थिति कभी दिखाई नहीं दी। दो टीमें हैं जो मैच खेलना चाहती हैं। दोनों टीमों के सभी खिलाड़ी मैदान पर हैं। अंपायर और मैच रेफरी भी मौजूद हैं। बारिश नहीं, धूप खिली हुई है। लेकिन खेल नहीं हो सकता क्योंकि दो दिन पहले हुई बारिश के चलते मैदान गीला है। और यह सब उस देश में हो रहा है, जो क्रिकेट का सुपरपावर है। जिस देश का क्रिकेट बोर्ड अपनी अमीरी के लिए जाना जाता है।

हम बात कर रहे हैं अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड टेस्ट मैच की, जो ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्र्स कॉम्प्लेक्स में होना है। टेस्ट मैच होने के चलते पूरी दुनिया की निगाह इस पर है। पूरी दुनिया में भारत का मजाक बन रहा है, क्योंकि जिस मैच को 9 को शुरू होना था, वह 10 दिसंबर को भी दोपहर 3 बजे तक शुरू नहीं हुआ है। अफगानिस्तान क्रिकेट अधिकारी कह रहे हैं कि उनसे गलती हुई। अब वे यहां दोबारा कभी नहीं आएंगे। लेकिन सबसे अमीर बोर्ड बीसीसीआई खामोश है। बोर्ड के किसी भी पदाधिकारी का इस पर कोई बयान नहीं दिया है। जबकि हर कोई जानता है कि बिना बीसीसीआई की इजाजत के भारत में आधिकारिक क्रिकेट मैच नहीं हो सकता। अगर अफगानिस्तान ने भारत को अपना 'होम' चुना है, तब इसमें बीसीसीआई और आईसीसी की सहमति है। जिस मैच में बीसीसीआई की सहमति हो, उसका यह हश्र होगा, यह बात हजम नहीं होती।

ऐसा नहीं है कि बीसीसीआई के पास संसाधनों की कमी है। ग्रेटर नोएडा के जिस स्टेडियम में अफगानिस्तान-न्यूजीलैंड टेस्ट मैच होना है, उससे चंद किलोमीटर दूर दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली प्रीमियर लीग हुई। तकरीबन तीन हफ्ते चली इस लीग में बारिश के कुछ देर बाद ही मैच आसानी से कराए गए। तब क्या अफगानिस्तान-न्यूजीलैंड टेस्ट मैच के लिए किसी इसतरह के स्टेडियम को मेजबानी नहीं दी जानी चाहिए थी, जहां पर्याप्त संसाधन हों।

यह सही है कि अफगानिस्तान ने 2015 से 2017 के बीच बतौर होस्ट ग्रेटर नोएडा में कई मैच खेल चुकी हैं। लेकिन क्या बीसीसीआई और आईसीसी को यह सुनिश्चित नहीं करना चाहिए था कि टेस्ट मैच के लिए या तो कोई दूसरा बेहतर वेन्यू चुना जाता या फिर ग्रेटर नोएडा के मौजूदा स्टेडियम में अच्छी सुविधाएं मुहैया कराई जातीं। यह बड़ा सवाल है कि जिस स्टेडियम को बीसीसीआई ने कुछ साल पहले बैन किया था, वहीं पर टेस्ट मैच क्यों करवाया गया।

बात दें कि 2017 में बीसीसीआई ने विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्र्स कॉम्प्लेक्स को बैन कर दिया था। वजह थी इस मैदान पर तब एक प्राइवेट लीग खेली गई थी, जिसे बोर्ड से मान्यता हासिल नहीं थी। जाहिर है इस मैदान के कर्ताधर्ताओं की पहली प्रायरिटी इंटरनेशनल मैचों के इतर भी कुछ रही होगी। नहीं ऐसा क्यों होता कि जिस स्टेडियम में इंटरनेशनल मैच हो रहे हों, वह ऐसी प्राइवेट लीग की मेजबानी करता, जिसके कारण मैदान को बैन झेलना पड़े। लेकिन अब यह मामला ग्रेटर नोएडा के स्टेडियम का नहीं रह गया है। यह पूरे देश का सवाल है।

सच कहूं.....अभी डिकॉक को लेकर मुझे कोई जानकारी नहीं,मुख्य कोच रॉब वॉल्टर ने कहा

जोहांसबर्ग (ईएमएस)। दक्षिण अफ्रीका के मुख्य कोच रॉब वॉल्टर ने कहा है कि उन्हें विकेटकीपर-बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक के टी20 इंटरनेशनल भविष्य के बार में कोई स्पष्टता नहीं है। उन्हें अबू धाबी में आयरलैंड के खिलाफ होने वाली दो मैचों की टी20 सीरीज के लिए नहीं चुना गया है। डिकॉक पहले ही टेस्ट और वनडे क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। वे वेस्टइंडीज के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज से भी बाहर थे और आयरलैंड के खिलाफ भी नहीं खेल रहे है। वॉल्टर ने कहा, सच कहूं तब मुझे नहीं पता। फिलहाल क्विंटन और मेरे बीच इस बात को लेकर कोई चर्चा नहीं हो रही है कि वे फिर से द.अफ्रीका के लिए खेलना चाहते हैं या नहीं। मैंने उनके लिए दरवाजा खुला रखा है, अगर वह चाहे मुझसे संपर्क कर सकते हैं, लेकिन हो सकता है कि ऐसा कभी न हो। डिकॉक ने 2021 में टेस्ट क्रिकेट से और फिर वनडे वर्ल्ड कप के बाद वनडे से संन्यास लिया था। हालांकि, उन्होंने टी20 वर्ल्ड कप में खेलने का फैसला किया था, जो अमेरिका और वेस्टइंडीज में हुआ था। उस टूर्नामेंट में वह दक्षिण अफ्रीका के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे और उनकी टीम फाइनल तक पहुंची थी।

उसके बाद डिकॉक ने मेजर लीग क्रिकेट और कैरेबियन प्रीमियर लीग में हिस्सा लिया और अब वह एसए20 और आईपीएल में भी खेलते रह सकते है। लेकिन वॉल्टर ने साफ किया कि उनकी टीम में जगह पक्की नहीं है और यह उनके प्रदर्शन पर निर्भर करेगी। वॉल्टर ने कहा, हो सकता है कि हम कभी बातचीत करें, लेकिन इसका मतलब ये नहीं होगा कि वह टीम में चयनित हो जाएंगे। अब सबसे ज्यादा जरूरी चीज प्रदर्शन होगा। वह अभी इतने बूढ़े नहीं हुए हैं कि प्रदर्शन के आधार पर उनकी वापसी की बात न हो।

डिकॉक के अंतिम निर्णय के लिए वॉल्टर ने कोई समय सीमा तय नहीं की है। उनकी अनुपस्थिति में दक्षिण अफ्रीका रीजा हेंड्रिक्स को ओपनर के तौर पर आजमा रही है। उनके पास काइल वेरेनी, रयान रिकेलटन और हेनरिक क्लासेन जैसे विकेटकीपिंग विकल्प भी हैं। इनमें से सिर्फ क्लासेन आगामी अफगानिस्तान और आयरलैंड के खिलाफ सीरीज के लिए टीम का हिस्सा नहीं हैं।

ऐसा क्या हुआ, मैच खेलते-खेलते सभी खिलाड़ी व अंपायर जमीन पर लेट गए

नई दिल्ली,(ईएमएस)। क्रिकेट मैच में कई बार बड़े रोमांचक दृश्य देखने को मिलते हैं जो एक यादगार बन जाते हैं। क्रिकेट मैच के दौरान कभी सांप तो कभी कुत्ता मैदान में आ जाता है। रणजी ट्रॉफी के मुकाबले के दौरान मधुमक्खियों ने मैदान पर मौजूद खिलाड़ियों पर हमला कर दिया। इस दौरान सभी खिलाड़ी जमीन पर लेट गए और उन्होंने अपना बचाव किया था। किसी को भी इस हमले में कोई नुकसान नहीं हुआ।

दरअसल यह बात है 2023 में यूपी और उड़ीसा का मैच चल रहा था। दूसरे दिन लंच ब्रेक के बाद जब यूपी टीम की बल्लेबाजी कर रही थी तभी मधुमक्खियों ने खिलाड़ियों पर हमला कर दिया। मैदान पर मौजूद सभी खिलाड़ी और अंपायर अपनी जान बचाने जमीन पर लेट गए। कई मिनट तक मधुमक्खियों का झुंड मैदान पर मंडराता रहा इसके बाद वह वहां से दूर चला गया फिर सभी खिलाड़ी समेत अंपायर खड़े हो गए और मैच को दोबारा शुरू हुआ। बता दें कि यह घटना भामाशाह पार्क में हुई थी जो कि मेरठ में स्थित है।

ऐसा पहली बार नहीं था। जब खिलाड़ियों पर मधुमक्खियों ने हमला किया हो। आईसीसी वर्ल्ड कप 2009 में दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बीच खेले गए मैच में भी मधुमक्खियां में आ गई थीं। 1979 में भारत के मुकाबले में भी मधुमक्खियों ने आतंक मचाया था। इसके अलावा 2000 में रणजी ट्रॉफी मैच में भी मधुमक्खियों ने मैदान में बाधा डाली थी। 2019 के वर्ल्ड कप में दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के मैच में मधुमक्खियों ने हमला कर दिया था। श्रीलंका की पारी के 48वें ओवर में अचानक से सभी खिलाड़ी और अंपायर मैदान पर लेट गए। सुरंगा लकमल और इसुरु उडाणा उस समय क्रीज पर थे। यह देखकर दर्शक और कमेंटेटर्स हैरान रह गए। उन्होंने समझ नहीं आ रहा था कि मैदान पर ऐसा क्या हुआ कि सभी खिलाड़ी और अंपाचल जमीन पर लेट गए बाद में पता चला कि मधुमक्खियों ने हमला कर दिया था।

मैदान की हालत देख अफगानिस्तान टीम ने दोबारा यहां ना आने की खाई कसम

दिल्ली के नोएडा स्टेडियम में होना था अफगान-न्यूजीलैंड का टेस्ट मैच

नई दिल्ली,(ईएमएस)। अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड टेस्ट मैच में ऐसी स्थिति पैदा हो गई है, जो पहले कभी देखने को नहीं मिली। दोनों टीमों के बीच भारत में खेला जाने वाला टेस्ट मैच दूसरे दिन भी शुरू नहीं हो सका। दोनों टीमें पूरी तरह तैयार हैं लेकिन मौसम इसमें अडंगा डाल रहा है। नोएडा स्टेडियम की खराब तैयारी ने पूरा मैच खराब कर दिया है। टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में इससे खराब स्थिति कभी देखी ही नहीं गई जब दो दिन से बारिश नहीं हुई हो और इसके बावजूद मैदान गीला होने के चलते खेल नहीं हो पा रहा है। अफगानिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच 9 सितंबर से टेस्ट मैच खेला जाने वाला था। यह मैच ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्र्स कॉम्प्लेक्स में होना है। दोनों टीमें नोएडा पहुंच चुकी हैं लेकिन खेल नहीं पा रही हैं। दरअसल, मैच शुरू होने के एक दिन पहले यहां बारिश हुई। रात में बूंदाबांदी होती रही लेकिन सोमवार को मैच शुरू होना था, उस दिन बारिश नहीं हुई। कुछ समय बादल जरूर छाए और धूप भी निकली लेकिन स्टेडियम की गीली आउटफील्ड और घटिया जल निकासी के चलते पहले दिन का खेल बिना एक भी गेंद फेंके रद्द करना पड़ा।

आईटी और फार्मा ने दौड़ाया बाजार लगातार दूसरे दिन हरे निशान पर बंद

मुंबई (ईएमएस)। मंगलवार को एशियाई बाजारों में मिलेजुले रुख के बीच भारतीय शेयर बाजार में लगातार दूसरेदिन तेजी दर्ज हुई और दोनों प्रमुख इंडेक्स बढ़त के साथ बंद हुए। अमेरिका के मंहगाई के आंकड़े जारी होने से पहले आईटी शेयरों में तेजी और कैंसर की चुनिंदा दवाओं पर जीएसटी घटने पर फार्मा शेयरों में लिवाली के चलते बाजार चढ़कर बंद हुआ।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स मंगलवार को तेजी के साथ 81,768.72 अंक पर खुला और कारोबार के दौरान 82,196.55 अंक के उच्च स्तर तक चला गया था। अंत में सेंसेक्स 0.44 प्रतिशत या 361.75 अंक की बढ़त लेकर 81,921.29 पर बंद हुआ। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 भी मंगलवार को सकारात्मक नोट के साथ खुला। इंट्रा-डे ट्रेड के दौरान 25,130.50 अंक के हाई लेवल तक जाने के बाद अंत में निफ्टी 104.70 अंक की तेजी के साथ 25,041.10 पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में एनटीपीसी का शेयर सबसे ज्यादा 2.41 प्रतिशत की तेजी आई। साथ ही एचसीएल टेक, भारती एयरटेल, टेक महिंद्रा, पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक, टीसीएस, अदाणी पोर्ट्स, टाइटन, मारुति और इंफोसिस के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे। वहीं दूसरी तरफ, बजाज फिनसर्व का शेयर सबसे ज्यादा 1.77 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। इसके अलावा बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स, एसबीआई के शेयर भी गिरकर बंद हुए।

दरअसल अमेरिकी शेयर बाजार में सोमवार को आए उछाल का असर भारतीय शेयर बाजार पर भी पड़ा। साथ ही विदेशी और घरेलू निवेशकों की लिवाली तथा क्रूड आयल की कीमतों में कमी के चलते बाजार चढ़कर बंद हुआ।

एशियाई बाजारों में मंगलवार को मिलाजुला रुख देखने को मिला। चीन और हांगकांग का स्टॉक मार्किट जहां बढ़त में बंद हुए। वहीं दक्षिण कोरिया का कॉपी और जापान का निक्केई 225 गिरावट में बंद हुआ। इसके अलावा यूरोपीय बाजार मंगलवार को मिलेजुले रुख के साथ कारोबार कर रहे थे जबकि अमेरिकी शेयर बाजार सोमवार को उछाल के साथ बंद हुए।

पुतिन ने नाटो में डाली फूट......यूक्रेन के खिलाफ जंग लड़ रहे सदस्य देश के नागरिक

मास्को (ईएमएस)। 925 दिनों की भीषण जंग के बाद अब रूस यूक्रेन के युद्ध में कुछ ऐसा हुआ है कि अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और यूक्रेन हैरान हैं। यकीन करना मुश्किल हो रहा है, लेकिन नाटो के 32 देश में से एक ऐसा देश है जिसके लड़ाके पुतिन की तरफ से यूक्रेन पर भयंकर हमले कर रहे हैं। इस खबर के सामने आते ही पूरा नाटो सदमे में चला गया है। रूस यूक्रेन जंग को लेकर बहुत बड़ा खुलासा नाटो देश ने किया है। पहली बार किसी नाटो देश ने स्वीकार किया है कि उसके देश के लड़के रूस की तरफ से यूक्रेन पर हमला कर रहे हैं। इस खुलासे के बाद से नाटो की इमरजेंसी मीटिंग होने वाली है। इधर पुतिन ने फिर से साबित कर दिया है कि रूस ही जंग का असली उस्ताद है।

नाटो देश और अमेरिका कोई यह समझ नहीं पा रहा कि उसके लड़ाके पुतिन के वफादार कैसे हो गए। शुरू में कुछ जानकारों को शक था कि शायद नाटो देश तुर्की के लड़ाके रूस की तरफ से यूक्रेन पर हमला कर रहे हैं। लेकिन हैरानी की बात यह है कि यूक्रेन पर हमले कर रहे उसके पड़ोसी मुल्क लिथुआनिया के लोग है। यानी यूक्रेन के रक्षक की उसके लिए भक्षक बन चुके हैं। यूक्रेन के राष्ट्रपति की खुद को युद्ध का चाणक्य समझ रहे थे। ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और पोलैंड खुद को युद्ध का गेम चेंजर समझ रहे थे। लेकिन पुतिन ने लगभग तीन साल के जंग में ऐसी बाजी पलटी है कि चर्चा यह तेज हो चली है कि पुतिन का रूस यूक्रेन के कीव तक कब्जा करने जा रहा है।

नाटो के लड़ाके रूस की ओर से लड़ रहे हैं इसका दवा लिथुआनिया की तरफ से किया गया है। लिथुआनिया के रक्षा मंत्री लॉरिनाम कमीयुनाम ने कहा कि इस वक्त लिथुआनिया के सैकड़ो लड़ाके रूस की तरफ से यूक्रेन पर हमले कर रहे हैं। उनका दावा है कि उनके देश के नागरिक रूस की तरफ से जंग लड़ रहे हैं। लिथुआनिया के रक्षा मंत्री ने कहा है कि रूस की तरफ से लड़ने वाले लिथुआनियाई नागरिकों को सख्त सजा मिलेगी।

हमास-इजराइल युद्ध रुकवाने भारत की तरफ देख रही दुनिया

जीसीसी बैठक में जयशंकर बोले- गाजा के हालात हमारी सबसे बड़ी चिंता

रियाद,(ईएमएस)। रूस और यूक्रेन युद्ध खत्म के लिए दुनियाभर के देश भारत की और उम्मीद भरी नजरों से देख रहे हैं। भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन को पीएम मोदी का संदेश देने मास्को गए हैं। वहीं हमास-इजराइल जंग खत्म करवाने के लिए भारत की मध्यस्थता की मांग उठती रही है। इस बीच रियाद में हुई जीसीसी बैठक में भारत ने इस जंग को लेकर साफ कहा कि गाजा पट्टी में इजराइल और हमास के बीच पिछले कई महीनों से जंग जारी है। इस लड़ाई में करीब 40 हजार फलस्तीनी आम नागरिक मारे गए हैं।

इसे लेकर जयशंकर ने सऊदी अरब की राजधानी रियाद में मुस्लिम देशों के नेताओं के साथ बैठक में कहा कि गाजा के मौजूदा हालात अब हमारी सबसे बड़ी चिंता है। इस संबंध में भारत का रुख सैद्धांतिक और एक समान रहा है। हम आतंकवाद जैसी घटनाओं की निंदा करते हैं, लेकिन बेगुनाह नागरिकों पर हुई बमबारी से लगातार हो रही मौतों से हमें गहरा दुख है। जयशंकर ने कहा कि किसी भी कार्रवाई में मानवीय कानून के सिद्धांतों को ध्यान में रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम जल्द से जल्द जंग रोकने का समर्थन करते हैं।

जयशंकर ने कहा कि भारत दो-राष्ट्र समाधान के जरिये फिलिस्तीन के मसले के समाधान के लिए खड़ा है। उन्होंने कहा कि भारत ने फलस्तीनी संस्थानों और क्षमताओं के निर्माण में भी योगदान दिया है। विदेश मंत्री ने कहा कि जहां तक मानवीय स्थिति का सवाल है, हमने राहत प्रदान की है। इसके अलावा संयुक्त राष्ट्र राहत और कार्य एजेंसी को अपना सहयोग बढ़ाया है। जीसीसी एक प्रभावशाली समूह है, जिसमें संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, बहरीन, ओमान, कतर और कुवैत जैसे देश शामिल हैं। वित्त वर्ष 2022-23 में जीसीसी देशों के साथ भारत का कुल व्यापार 184.46 अरब अमेरिकी डॉलर रहा था।

जीसीसी बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने गाजा में मौजूदा स्थिति को भारत की सबसे बड़ी चिंता बताया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि भारत इस क्षेत्र में जल्द से जल्द जंग खत्म कराने का समर्थन करता है। उन्होंने कहा कि रणनीतिक वार्ता के लिए पहली भारत-जीसीसी मंत्रिस्तरीय बैठक में भाग लेना उनके लिए बहुत खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि यह बैठक न केवल उपलब्धियों पर विचार करने का अवसर है, बल्कि भविष्य के लिए एक महत्वाकांक्षी और दूरगामी मार्ग तैयार करने का अवसर भी है। उन्होंने कहा कि हमारे लोगों के बीच संबंध हमारे रिश्तों की नींव हैं। करीब 90 लाख भारतीय यहां रहते हैं, जो हमारे बीच एक जीवंत सेतु का काम करते हैं। हम उनके कल्याण और सुविधा देने के लिए आपको शुक्रिया अदा करते हैं।

सोना-चांदी के भाव में गिरावट

- सोने के वायदा भाव 71,600, चांदी 83,600 रुपए के करीब

नई ?दिल्ली (ईएमएस)। सोने के वायदा भाव मंगलवार को तेजी के साथ खुलने के बाद नरम पड़ गए, जबकि चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत गिरावट के साथ ही हुई। मंगलवार को सोने के वायदा भाव 71,600 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 83,600 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वै?श्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई।सोने के वायदा भाव की शुरुआत आज तेजी के साथ हुई। लेकिन बाद में इसके भाव में गिरावट देखी जाने लगी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अक्टूबर कॉन्ट्रैक्ट आज 67 रुपये की तेजी के साथ 71,695 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह 17 रुपये की गिरावट के साथ 71,611 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत आज सुस्त रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क दिसंबर कॉन्ट्रैक्ट 4 रुपये की गिरावट के साथ 83,641 रुपये पर खुला। इस समय यह 37 रुपये की गिरावट के साथ 83,608 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वै?श्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। लेकिन बाद में दोनों के भाव सुस्त पड़ गए। कॉमेक्स पर सोना 2,536 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,532.70 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 0.70 डॉलर की नरमी के साथ 2,532 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 28.69 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 28.65 डॉलर था। इस समय यह 0.02 डॉलर की गिरावट के साथ 28.63 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार रोहिंग्या शरणार्थियों को करेगी देश से बाहर

-2017 में म्यांमार से भागकर बांग्लादेश आ गए थे

ढाका,(ईएमएस)। बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार लगातार शेख हसीना सरकार के फैसलों को खत्म यानी पलट रही है। अब यूनुस सरकार उन रोहिंग्या शरणार्थियों को देश से बाहर करने जा रही है, जिन्हें कभी शेख हसीना ने पनाह दी थी। अपने देश में रहने का मौका दिया था। अमेरिका इस मामले में उनकी मदद का ऐलान कर चुका है। बांग्लादेश में पहले से ही 10 लाख से ज्यादा रोहिंग्या शरणार्थी रह रहे हैं। 2017 में जब म्यांमार की सेना ने कार्रवाई की तो ये सभी म्यांमार से भागकर बांग्लादेश आ गए थे। इनमें से ज्यादातर मुसलमान हैं। बांग्लादेश में तब शेख हसीना की सरकार थी। पहले तो उन्होंने इन्हें वापस लेने के लिए बांग्लादेश पर दबाव बनाया। यहां तक कि इन परिवारों को म्यांमार वापस जाने के लिए दो हजार डॉलर आर्थिक मदद देने का ऐलान भी किया, लेकिन तब कोई भी रोहिंग्या वापस नहीं गया। बांग्लादेश और म्यांमार के बीच साल 2017 में हुए समझौते के तहत शरणार्थियों को म्यांमार वापस जाना था लेकिन कोई कामयाबी नहीं मिली। इसके बाद शेख हसीना ने कई बाद कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो पाई। आखिरकार उन्होंने इन रोहिंग्या को कई जिलों में बाडे बनाकर बसा दिया। इन्हें खाने-पीने का सामान मुहैया कराया लेकिन शेख हसीना के सत्ता से बेदखल होने के बाद अस्थिरता का फायदा उठाते हुए तमाम रोहिंग्या फिर बांग्लादेश में घुसने लगे। इससे यूनुस सरकार की चिंता बढ़ गई है। अब इन्हें बाहर करने के लिए सरकार ने योजना तैयार की है। मोहम्मद यूनुस ने हाईलेवल बैठक की, जिसमें रोहिंग्याओं जल्द से जल्द किसी तीसरे देश में बसाने पर मंथन किया गया। इस बैठक में इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन के अधिकारी भी शामिल हुए। इन लोगों को अमेरिका समेत कई विकसित देशों में बसाया जा सकता हैं। अमेरिका पहले ही हजारों रोहिंग्याओं को अपने यहां शरण देने का ऐलान कर चुका है लेकिन इस प्रक्रिया में तेजी लाई जानी चाहिए।

युनूस ने कहा इनका माइग्रेशन लगातार होना चाहिए। शरण देने वाले देशों के साथ बात की जानी चाहिए। बांग्लादेश से माइग्रेशन 12 साल बाद फिर शुरू होने जा रहा है। उम्मीद है कि इसमें सफल होंगे। बांग्लादेश के कॉक्स बाजार में ये बांग्लादेशी रहते हैं। इसे दुनिया का सबसे बड़ा रिफ्यूजी कैंप भी कहा जाता है। करीब पांच लाख रोहिंग्या रखाइन प्रांत में बनाए गए शिविरों में रहते हैं।

सुपर टाइफून के कारण 8 लाख से अधिक घर प्रभावित,-चीन में तबाही का मंजर

बीजिंग (ईएमएस)। 200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चीन से टकराया सुपर टाइफून यागी को 2024 का सबसे ताकतवर तूफान घोषित किया गया है। यागी से टूरिस्टों के बीच पॉपुलर चीन के हवाई आईलैंड में जनजीवन ही ठप पड़ गया। इस तूफान के कारण 8 लाख 30 हजार से अधिक घर प्रभावित हुए हैं।

इस तूफान की वजह से 2 लोगों की मौत हो गई है जबकि 92 लोग घायल हुए हैं।चीन के दक्षिणी प्रांत और आसपास के इलाकों में ऐसा कहर बरपाया है कि स्कूल, समुद्री तट पर होटल्स, बिजनेस, फ्लाइट और बोट सर्विस सब बंद करनी पड़ गई।'यागी' तूफान इस साल हैनान में आया 11वां तूफान है। शुक्रवार स्थानीय समयानुसार दोपहर 4 बजकर करीब 20 मिनट पर हैनान प्रांत के वेंगतियान शहर के पास समुद्री तट से टकराया।इस समय इसकी रफ्तार 234 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक थी।इसी हफ्ते की शुरुआत में यागी ने उत्तरी फिलीपींस किया था. इसने खूब तबाही मचाई। इसकी वजह से तूफान के साथ जमकर बारिश हुई। इसमें कम से कम 16 लोगों की मौत भी हुई। चारों ओर सिर्फ तबाही का मंजर दिख रहा था। लोग रस्सी से घरों पर गिरे पेड़ को हटाते हुए दिख रहे थे। चारों तरफ सिर्फ कीचड़-ही-कीचड़ दिख रहे थे।

जानकारी के अनुसार यागी के हिट करते ही हैनान में बिजली गुल हो गई। इससे प्रांत के 8 लाख 30 हजार घर प्रभावित हुए। बिजली आपूर्ति विभाग ने 7 हजार सदस्यों वाली एक आपातकालीन टीम गठित की है, जो परिस्थितियां अनुकूल होते ही मरम्मत कार्य शुरू कर देगी। वहीं, शुक्रवार की रात को 2 लाख 60 हजार घरों की बिजली बहाल कर दी है। यागी के आगमन के बाद से मानो हैनान का पूरा जनजीवन ठप पड़ गया हो। वहीं, टाइफून के आने के अलर्ट जारी होने के समुद्र तटों और भव्य होटलों के लिए प्रसिद्ध इस आइलैंड की फ्लाइट्स और बोट, स्टीमर और यॉट सर्विस बंद करनी पड़ गई। 1 करोड़ से अधिक आबादी वाला शहर लॉकडाउन हो चुका था। हैनान में यागी के टकराने के बाद मंजर काफी भयावह था। सड़कों और घरों पर पेड़ गिरे हुए दिखे।

जलभराव के बाद आपात टीम लोगों को रेस्क्यू कर रही थी। कमर तक पानी लगे हुए थे। सुपर टाइफून यागी के कारण हांगकांग, मकाऊ और ग्वांगडोंग प्रांत में स्कूल, बिजनेस और ट्रांस्पोर्ट पहले ही बंद हो चुके थे। साथ ही वियतनाम में हवाई अड्डे को भी बंद कर दिया गया था। चीन के मौसम विभाग का अनुमान है कि यागी वीकेंड में लाओस के साथ-साथ वियतनाम को हीट करेगा। तूफान के कारण स्थिति खराब हो सकती है। हांगकांग में गुरुवार को 50 फ्लाइट्स रद्द होने के बाद शुक्रवार को फिर से परिचालन शुरू कर दिया है। वहीं, यागी वियतनाम की ओर बढ़ गया है।

सेबी ने इंफोसिस को दी राहत, 16 इकाइयों और पूर्व कर्मचारियों से रोक हटाई

मुंबई (ईएमएस)। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने इन्फोसिस के शेयरों में इनसाइडर ट्रेडिंग से जुड़े मामले में कंपनी के कुछ पूर्व कर्मचारियों समेत 16 इकाइयों और व्यक्तियों पर लगे प्रतिबंध हटा दिए। यह मामला जुलाई 2020 में तब सामने आया था जब इन्फोसिस के शेयरों में संभावित इनसाइडर ट्रेडिंग का अलर्ट मिला था। यह अलर्ट तब आया जब कंपनी ने 30 जून, 2020 को खत्म हुई तिमाही के नतीजे जारी किए थे। सेबी ने जांच की कि क्या कुछ इंडिविजुअल ने अनपब्लिश्ड प्राइस-सेंसिटिव इन्फार्मेशन का उपयोग करके इंफोसिस के शेयरों का कारोबार किया, जो कि इनसाइडर ट्रेडिंग नियमों का उल्लंघन है। सेबी ने इन्फोसिस भेदिया कारोबार मामले में 16 इकाइयों पर लगे प्रतिबंध हटा दिए हैं, जिनमें कुछ पूर्व कर्मचारी भी शामिल हैं। सेबी ने यह भी निर्देश दिया कि अमित भूतरा, भरत सी जैन, कैपिटल वन पार्टनर्स, टेसोरा कैपिटल, मनीष सी जैन और अंकुश भूतरा पर अंतरिम आदेश के तहत लगाए गए प्रतिबंध भी तत्काल प्रभाव से खत्म किए जाएं।

सेबी के पूर्णकालिक सदस्य अश्विनी भाटिया ने 57 पन्नों के अपने अंतिम आदेश में कहा कि नोटिसधारकों के खिलाफ अंतरिम आदेश और पुष्टिकरण आदेश को रद्द करना और सभी नोटिसधारकों के खिलाफ कार्रवाई का निपटारा करना उचित है। उन्होंने यह भी बताया कि सिक्योरिटीज अपीलेट ट्रिब्यूनल ने 25 अप्रैल, 2022 को दिए अपने आदेश के जरिए पहले ही अंतरिम और पुष्टिकरण आदेश को रद्द कर दिया था।

यह मामला तब सामने आया जब सेबी ने दिसंबर 2019 से सितंबर 2020 तक इन्फोसिस के वित्तीय नतीजों की घोषणाओं के दौरान संदिग्ध ट्रेडिंग गतिविधियों की पहचान की। सेबी ने जांच की कि क्या कुछ व्यक्तियों ने इन्फोसिस के अनपब्लिश्ड प्राइस-सेंसिटिव इनफार्मेशन का इस्तेमाल करके कंपनी के शेयरों का कारोबार किया, जो कि इनसाइडर ट्रेडिंग नियमों का उल्लंघन है। मार्केट रेगुलेटर ने पाया कि 8 व्यक्तियों ने इन नियमों का उल्लंघन किया और 2021 में उनके खिलाफ एक अंतरिम आदेश जारी किया। हालांकि, दो व्यक्तियों ने इस आदेश को सिक्योरिटीज अपीलेट ट्रिब्यूनल में चुनौती दी, जिसे खारिज कर दिया गया था।

अडानी को कोर्ट ने दिया झटका, केन्या सरकार से हुई डील पर लगाई रोक

नैरोबी,(ईएमएस)। एशिया के अमीर लोगों में शामिल गौतम अडानी ने केन्या सरकार के साथ 1.85 अरब डॉलर का समझौता था लेकिन केन्या की हाईकोर्ट ने इस पर रोक लगा दी है। इस डील से अडानी एयरपोर्ट होल्डिंग्स लिमिटेड को केन्या की राजधानी नैरोबी के जोमो केन्याटा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को 30 साल तक ऑपरेट करने का अधिकार मिल जाता। यह केन्या का सबसे बड़ा एयरपोर्ट है लेकिन कोर्ट के अगले आदेश तक इस डील के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी गई है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक नैरोबी में जोमो केन्याटा इंटरनेशनल एयरपोर्ट को अडानी एयरपोर्ट को लीज पर देने के केन्या सरकार के फैसले को कोर्ट में चुनौती दी गई है। केन्या ह्यूमन राइट्स कमीशन के साथ-साथ वकीलों की संस्था ने भी इस कदम को असंवैधानिक बताया है। उन्होंने याचिका में कहा है कि स्ट्रैटजिक और प्रॉफिट कमा रहे इस एयरपोर्ट को किसी भारत की निजी कंपनी को लीज पर देने का तुक नहीं है। यह सुशासन, जवाबदेही, पारदर्शिता और पब्लिक मनी के विवेकपूर्ण और जिम्मेदार उपयोग के संवैधानिक सिद्धांतों का उल्लंघन है। केन्या सरकार ने डील का बचाव करते हुए कहा है कि एयरपोर्ट की मौजूदा कैपेसिटी से संबंधी समस्याओं में तत्काल सुधार की जरूरत है।

अडानी एंटरप्राइजेज ने अपनी अबू धाबी स्थित अपनी सहायक कंपनी ग्लोबल एयरपोर्ट्स ऑपरेटर के जरिए से एयरपोर्ट्स इन्फ्रास्ट्रक्चर की स्थापना की है। अडानी की कंपनी ने केन्या सरकारको2029 तक एक नए टर्मिनल और टैक्सीवे सिस्टम के लिए 750 मिलियन के निवेश का प्रस्ताव दिया है।साथही2035 तक एयरपोर्ट में सुधार के लिए अतिरिक्त 92 मिलियन का निवेश करने की तैयारी है। अगर यह डील होती है तो यह भारत के बाहर अडानी ग्रुप का पहला एयरपोर्ट होगा। अभी यह ग्रुप देश में आधा दर्जन से ज्यादा एयरपोर्ट्स का संचालन कर रहा है।

चीन का निर्यात 8.7 प्रतिशत बढ़कर 308.65 अरब डॉलर हुआ

हांगकांग (ईएमएस)। ?विदेशों में मांग बढ़ने की वजह से चीन के निर्यात में लगातार पांचवें महीने वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि धीमी होती चीनी अर्थव्यवस्था के बीच आयात में गिरावट आई है। चीन के सीमा शुल्क कार्यालय द्वारा मंगलवार को जारी आंकड़ों के अनुसार अगस्त में निर्यात पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 8.7 प्रतिशत बढ़कर 308.65 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। यह अर्थशास्त्रियों के करीब 6.5 प्रतिशत के अनुमान से अधिक है। जुलाई में निर्यात सात प्रतिशत की दर से बढ़ा था। अगस्त में यह आंकड़ा 18 महीने में सबसे मजबूत है। इसकी बड़ी वजह अगस्त 2023 में कम आधार है, जब निर्यात में 8.8 प्रतिशत की गिरावट आई थी। तुलनात्मक रूप से एक साल पहले की तुलना में आयात में केवल 0.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह अर्थशास्त्रियों द्वारा लगाए गए करीब दो प्रतिशत के अनुमान से कम है। कैपिटल इकोनॉमिक्स के जिचुन हुआंग ने कहा ?कि निर्यात मूल्य पिछले 17 महीने में सबसे तेज गति से बढ़े हैं। निर्यात की मात्रा रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई है। हमें उम्मीद है कि निकट भविष्य में निर्यात मजबूत रहेगा, जिसे चीन की वास्तविक प्रभावी विनिमय दर में गिरावट से समर्थन मिल रहा है। चीन का व्यापार अधिशेष अगस्त में बढ़कर 91.02 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो जुलाई में 84.65 अरब अमेरिकी डॉलर था। निर्यात की मांग बढ़ रही है, लेकिन चीन घरेलू मांग को बढ़ाने के लिए संघर्ष कर रहा है। सोमवार को जारी आंकड़ों के अनुसार उपभोक्ता मूल्य सूचकांक अगस्त में 0.6 प्रतिशत बढ़ा, जो पूर्वानुमानों से कम है। अधिकारियों ने खराब मौसम के कारण खाद्य कीमतों में वृद्धि को उच्च सीपीआई का कारण बताया। हालांकि मुख्य सीपीआई अगस्त में केवल 0.3 प्रतिशत बढ़ा, जो तीन वर्षों में सबसे कम है। फैक्टरी प्रबंधकों के एक आधिकारिक सर्वेक्षण के अनुसार अगस्त में चीन की विनिर्माण गतिविधि छह महीने के निचले स्तर पर आ गई, पिछले सप्ताह जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार क्रय प्रबंधक सूचकांक 49.1 पर आ गया। 50 से नीचे का आंकड़ा विनिर्माण गतिविधि में संकुचन को दर्शाता है।

जीवन बीमा कंपनियों का नया कारोबार प्रीमियम 22 फीसदी बढ़ा

नई दिल्ली (ईएमएस)। जीवन बीमा कंपनियों की अगस्त में नई पॉलिसी की बिक्री से प्रीमियम आय 22 प्रतिशत बढ़कर 32,644 करोड़ रुपए हो गई। उद्योग निकाय जीवन बीमा परिषद की तरफ से जारी मासिक आंकड़ों के मुताबिक वित्त वर्ष 2024-25 के पहले 5 महीनों में बीमा कंपनियों का नया कारोबार प्रीमियम संग्रह 21 प्रतिशत बढ़कर 1,54,194 करोड़ रुपए हो गया जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 1,27,661 करोड़ रुपए था। इन आंकड़ों से पता चलता है कि नए पॉलिसी से प्रीमियम आय बढ़कर अगस्त में 32,644 करोड़ रुपए हो गई जबकि अगस्त, 2023 में यह 26,788.55 करोड़ रुपए थी। इस साल अब तक का प्रीमियम संग्रह पिछलेसाल के1,27,661 करोड़ रुपए से बढ़कर1,54,194 करोड़ रुपए हो गया। व्यक्तिगत उपभोक्ताओं और कॉरपोरेटग्राहकोंकी ओर से बीमा सुरक्षा की मांग लगातार बने रहने के बावजूद अगस्त, 2024 में नई पॉलिसी जारी करने की संख्या 1.44 प्रतिशत घटकर 23,94,007 रह गई। पिछले साल की समान अवधि में बीमा कंपनियों ने 24,28,895 पॉलिसी बेची थीं। जीवन बीमा कंपनियों ने पिछले महीने 1,08,147 व्यक्तिगत जीवन बीमा एजेंट को जोड़ा। वित्त वर्ष 2024-25 की शुरुआत में मौजूद एजेंटों की कुल संख्या 3.74ल बढ़ चुकी है।

मोटर वाहन उद्योग का जीएसटी में 14-15 प्रतिशत योगदानः सियाम

नई दिल्ली (ईएमएस)। भारतीय मोटर वाहन उद्योग ने वित्त वर्ष 2023-24 में 20 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया और अब देश में संग्रहित कुल जीएसटी में इसका योगदान 14-15 प्रतिशत है।'सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स' (सियाम) के एक अ?धिकारी ने सोमवार को यहां 64वें वार्षिक एसीएमए सत्र में कहा कि मोटर वाहन क्षेत्र देश में प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष रोजगार सृजन में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। भारतीय मोटर वाहन उद्योग ने वित्त वर्ष 2023-24 में 20 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया, हम देश में एकत्र कुल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में करीब 14-15 प्रतिशत का योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोटर वाहन उद्योग देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 6.8 प्रतिशत के मौजूदा स्तर से अधिक योगदान देगा। उन्होंन कहा ?कि अग्रवाल ने कहा कि केवल वृद्धि संख्या ही महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि प्रौद्योगिकी में बदलाव भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

दो साल में मंगल ग्रह पर लांच किया जाएगा पहला स्टारशिप मिशनः मस्क

सैन फ्रांसिस्को (ईएमएस)। टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने कहा कि मंगल ग्रह पर पहला अनक्रूड स्टारशिप मिशन दो साल में लांच ??किया जा सकता है। स्टारशिप दुनिया का सबसे शक्तिशाली रॉकेट है। इसका उपयोग इंसानों को चंद्रमा और फिर अंत में मंगल ग्रह पर भेजने के लिए किया जाएगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में टेक अरबपति ने कहा ?कि मंगल ग्रह पर पहला स्टारशिप दो साल में लॉन्च होगा।

दुनिया में सबसे अधिक रोजगार देने वाला देश भारत

मुंबई (ईएमएस)। कैलंडर वर्ष 2024 की चौथी तिमाही में वैश्विक स्तर पर भारतीय कॉरपोरेट जगत में नियुक्ति की धारणा मजबूत है। कंपनियां देश की आर्थिक स्थिति को लेकर उत्साहित हैं। इसके बाद 37 प्रतिशत नियोक्ता अपने कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की योजना बना रहे हैं।

एक सर्वेक्षण में यह बात सामने आई।

रोजगार परिदृश्य सर्वेक्षण 2024 चौथी तिमाही के अनुसार, भारत में शुद्ध रोजगार परिदृश्य 37 प्रतिशत के साथ दुनिया भर में सबसे मजबूत है। भारत के बाद कोस्टा रिका 36 प्रतिशत और अमेरिका 34 प्रतिशत के साथ क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। शुद्ध रोजगार परिदृश्य (एनईओ) की गणना कर्मचारियों की संख्या में कटौती की आशंका रखने वाले नियोक्ताओं के प्रतिशत से नियोक्ताओं को काम पर रखने की मंशा रखने वाले नियोक्ताओं के प्रतिशत को घटाकर की जाती है। चौथी तिमाही (अक्टूबर-दिसंबर) के लिए भारत का रोजगार परिदृश्य 37 प्रतिशत रहा, जो तीसरी तिमाही से सात प्रतिशत अधिक है।

पिछले वर्ष की सामना अवधि की तुलना में यह अपरिवर्तित है।

